भाद्रपद शुक्ल पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 100 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
23 सितंबर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
31 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7



# 1666.80... रात 3 बजे छलका भदभदा

## रात तक खुल सकते हैं कलियासोत के भी गेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी व आसपास के इलाकों में जमकर हो रही बरसात के चलते भदभदा बांध तड़के छलक गया,इसके आननफानन गेट खोले गये, इससे कलियसोत तक पानी बढ रहा है। अल्पवर्षा से जूझते भोपाल ने इस मौसम में बारिश का अपना कोटा पूरा कर लिया है। भदभदा बांध का खुलना आमतौर पर इसका संकेत व शुभलक्षण भी माना जाता है। यह भोपाल की लाइफ लाइन यानि बड़े तालाब के फुल लेवल तक भरने के बाद खुलता है। दरअसल, कैचमेंट एरिया और सीहोर जिले में तेज बारिश होने की वजह से कल से ही बड़ा तालाब छलकने की स्थिति में आने लगा था। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात जब पानी फुल लेवल तक आ गया तो रात 3 बजे भदभदा डैम के 2 गेट खोल दिए गए। 20 साल बाद ऐसा हुआ, जब जुलाई-अगस्त की जगह सितंबर में भदभदा के गेट खोले गए।पिछले साल जुलाई में ही गेट खुल गए थे। बताया जाता है कि कैचमेंट एरिया में कोलांस नदी 8 फीट ऊपर तक बही थी। इससे ब?ा तालाब में पानी तेजी से बड़ा। तालाब का फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है। बड़ा तालाब का कैचमेंट एरिया कोलांस नदी है, जो सीहोर जिले से आई है।

### कलियासोत में बढ़ रहा पानी

*भदभदा डैम प्रभारी अजय सिंह सोलंकी का कहना है कि गेट खोलने से पहले आसपास सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट कर दिया गया। रात 3 बजे पहला और फिर दूसरा गेट खोला गया। भदभदा के कुल 11 गेट है। अब कलियासोत बांध के गेट भी रात तक खुल सकते हैं। डैम की कुल जलभराव क्षमता 1659 फीट है।*

## मोदी कल 9 वंदेभारत को दिखाएंगे हरी झंडी




**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 9 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देश को देने वाले हैं। इस तरह कई राज्यों को वंदे भारत का तोहफा मिलेगा। अभी 25 रेलवे रूट्स पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। मोदी वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर इन ट्रेनों को रवाना करेंगे। रेलवे का प्लान इन रूट्स पर 16 कोच के बजाय 8 कोच वाली वंदे भारत ट्रेनें चलाने का है। ट्रेनें उदयपुर से जयपुर, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली-मदुरई-चेन्नई, हैदराबाद से बेंगलुरु, विजयवाड़ा से चेन्नै, केरल के कासरगोड़ से तिरुवनंतपुरम, राउरकेला से भुवनेश्वर और जामनगर से अहमदाबाद के बीच समेत दो और शहरों के बीच चलाई जाएगी। बेंगलुरु से हैदराबाद के बीच हुए वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल रन में इसने 610 किलोमीटर की दूरी सिर्फ साढ़े 7 घंटे में पूरी कर कमाल कर दिया।

## पाक को भारत का मुंहतोड़ जवाब पीओके तत्काल खाली करो

**न्यूयॉर्क एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया तो उसे भारत से मुंहतोड जवाब मिल गया है। दरअसल पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने महासभा में कनाडा के साथ चल रहे भारत के विवाद का जिक्र किया, बाद में भारत की ओर से करारे जवाब में कहा गया कि पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर को तत्काल खाली करे। पाकिस्तान को जवाब देते हुए यूएनजीए में दूसरी समिति की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, 'तकनीकी कुतर्क में उलझने के बजाय, हम पाकिस्तान से मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधियों के खिलाफ पुख्ता कार्रवाई करने का आह्वान करते हैं। इस हमले के पीड़ित 15 साल बाद भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं। दक्षिण एशिया में शांति स्थापित करने के लिए सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा।

## पानसिंह और गाजीबाबा को ढेर करने वाले तेजतर्रार आईपीएस रमन का निधन



**पुणे एजेंसी।** चंबल के बीहड़ों में एथलीट से डकैत बने पान सिंह तोमर का एनकाउंटर करने वाले मप्र कॉडर के तेजतर्रार आइपीएस विजय रमन का पुणे के अस्पताल में निधन हो गया है। वे कैंसर पीड़ित थे। वर्ष 75 बैच के आइपीएस विजय रमन का मप के ग्वालियर चंबा से खास नाता रहा है।डकैतों के बीच विजय रमन का खौफ था। बताया तो यह भी जाता है कि जब फूलन देवी ने आत्मसमर्पण किया था तो उस वक्त उन्होंने विजय रमन की जगह किसी और को भिंड का एसपी बनाने की मांग की थी। 1981 में डकैत पान सिंह तोमर का एनकाउंटर भी विजय रमन के नेतृत्व में किया गया था। रमन देश में कई आतंक-रोधी और नक्सलरोधी अभियानों का हिस्सा रहे हैं। 2003 में श्रीनगर में सीमा सुरक्षा बल के आइजी के रूप में तैनात रमन ने 10 घंटे की चुनौतीपूर्ण मुठभेड़ का नेतृत्व किया, जिसमें संसद हमलों का मास्टरमाइंड और खतरनाक आतंकवाद गाजी बाबा को मार गिराया गया था।

### सीएम, वीडी, तोमर ने जन आशीर्वाद यात्रा का ब्योरा दिया

# जनता कांग्रेस से आक्रोशित जो छोड़कर गए वे स्वार्थी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज प्रेस कॉन्फ्रेस कर 25 सितंबर को प्रधानमंत्री के भोपाल आगमन व कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियों की जानकारी दी। व कांग्रेस पर सियासी हमले किए। हालांकि बडी संख्या में भाजपा नेताओं के पार्टी छोड़ने व कांग्रेस में जाने व इसके लिये जिम्मेदारी के सवाल पर वीडी शर्मा ने लंबा जवाब दिया व कहा कि ऐसा परसेप्शन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जो लोग भाजपा छोड़कर जा रहे हैं उनका स्वार्थ भी हो सकता है। लेकिन यह भी सच है कि एक महीने में ही भाजपा की यात्रा के दौरान 24 लाख लोग भाजपा के सदस्य बने हैं। जबकि यह भी सभी के सामने हैं कि कांग्रेस के 28 विधायक पार्टी छोडकर भाजपा में आ गये थे।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर आज जमकर निशाने साधे और कहा कि वह भाजपा की सौम्य जनआर्शीवाद, स्नेह व विकास यात्रा के जवाब में जनआक्रोश यात्रा निकाल रही है,लेकिन यह आक्रोश उसके काडर के भीतर भी है और जनता में भी कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश है। चौहान ने कहा कि अभी आलम यह है कि कमलनाथ आक्रोश यात्रा से गायब हैं और दिग्विजय पोस्टरों से। कहीं बंदूक निकल रही हैं कहीं लात घूंसे चल रहे हैं। कांग्रेस अभी तक 2003 के हालात से नहीं उबर पाई है। कमलनाथ थोडे समय सीएम बने तो भाजपा सरकार की योजना बंद कर दीं। इसलिये लोगों में आक्रोश है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा गठबंधन बनाया है जो सनातन के खिलाफ बोलते हैं। जब सनातन का अपमान होता है तो कमलनाथ मौन साध लेते हैं और जब वोट लेना होता है तो धार्मिक हो जाते हैं।



### महासम्मेलन में पथविक्रेताओं पर सौगातों की बरसात

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शहर में जारी 'महाबरसात' के बीच शहरी और ग्रामीण पथ विक्रेताओं के महासम्मेलन में इस वर्ग को सौगातों की झड़ी लगा रहे हैं। लालपरेड ग्राउंड पर इसके लिये सभी जिलों के पथविक्रेता जुटे हैं। चौहान योजनाओं से लाभान्वितों के स्टॉल का निरीक्षण तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। इस कार्यक्रम का खास मकसद पीएम स्वनिधि शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करना है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया भी मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के दौरान शहरी नगरीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रभावित वर्ग पथ विक्रेताओं को 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार रूपये की कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किये जाने के लिए पीएम स्ट्रीट वेण्डर आत्मनिर्भर निधि योजना जुलाई 2020 से प्रारंभ की गई है।

### 'संविधान दोबारा लिखे बिना 'सफल' हो गए पीएम'

## मोदी मल्टीप्लेक्स कहा जाना चाहिए नए संसद भवन को



**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने नए संसद भवन को लेकर एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा व कहा कि 2024 में सत्ता परिवर्तन होने के बाद नए संसद का बेहतर उपयोग हो सकेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए रमेश ने कहा कि इतने प्रचार के साथ लॉन्च किया गया नया संसद भवन वास्तव में पीएम के उद्देश्यों को अच्छी तरह से साकार करता है। इसे मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मैरियट कहा जाना चाहिए। रमेश ने लिखा ' चार दिनों के बाद, मैंने देखा कि दोनों सदनों के अंदर और लॉबी में होने वाली बातचीत खत्म हो गई है। यदि वास्तुकला लोकतंत्र को मार सकती है, तो संविधान को दोबारा लिखे बिना भी प्रधानमंत्री पहले ही सफल हो चुके हैं। यहां एक-दूसरे को देखने के लिए दूरबीन की जरूरत पड़ रही है क्योंकि हॉल बिल्कुल आरामदायक या कॉम्पैक्ट नहीं हैं। पुराने संसद भवन की न केवल एक विशेष आभा थी बल्कि यह बातचीत की सुविधा भी प्रदान करता था। सदनों, सेंट्रल हॉल और गलियारों के बीच चलना आसान था। यह नई संसद संचालन को सफल बनाने के लिए आवश्यक जुड़ाव को कमजोर करती है। '

## हैलो प्रज्ञान हम भारत से बोल रहे हैं, जल्द उठो...



**नई दिल्ली एजेंसी।** चांद पर चौदह दिन की रात बीतने के बाद भारतीय वैज्ञानिक वहां स्लीप मोड में रहे अपने लैंडर विक्रम व प्रज्ञान को जगाने में अभी कामयाब नहीं हो सके हैं। उन्हें कुछ यूं संदेश भेजे जा रहे हैं - हैलो प्रज्ञान, हैलो विक्रम... हम भारत से बोल रहे हैं; वहां तक आवाज पहुंच रही है न, जवाब दो। शनिवार सुबह तक मिले ताजा अपडेट के मुताबिक चांद से कोई जवाब नहीं आया है। जैसे-जैसे चांद पर सूरज की किरणें बढ़ती जा रही हैं, भारतीयों की धड़कनें भी बढ़ रही हैं। पूरा देश प्रार्थना कर रहा है कि चांद पर सोए अपने दोनों बलवान उठ खड़े होंगे। पिछले कुछ घंटे से इसरो के साइंटिस्ट लगातार अपने रोवर प्रज्ञान और विक्रम लैंडर को नींद से जगाने की कोशिश कर रहे हैं। चांद के दक्षिणी क्षेत्र में माइनस 200 डिग्री सेल्सियस से पैदा हुई ठंडक और गलन धूप बढ़ने से घट रही है और सतह पर गर्माहट बढ़ रही है।

**मेट्रो एंकर**

### अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया की रिपोर्ट

# रोजगार बढ़ा, मगर पढ़े-लिखे बेरोजगार भी बढ़े

**नई दिल्ली , एजेंसी।** हाल में आई आरबीआई की रिपोर्ट ने पहले ही 'एलान' कर रखा है कि बीते सालों में लोगों की बचत निचले स्तर पर जा पहुंची है और लोगों पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। इसके बाद अब देश में बेरोजगारी को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में 25 साल से कम उम्र के 42.3 फीसदी युवा ग्रेजुएट बेरोजगार हैं। 2019-20 में बेरोजगारी दर 8.8 फीसदी थी, जो 20-21 में घटकर 7.5 फीसदी और वित्त वर्ष 22-23 में 6.6 फीसदी पर तो आ गई है मगर पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी हो रही है। इस मामले में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा 22.8 फीसदी बेरोजगारी दर 25 से 29 वर्ष युवाओं के बीच है। उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने वाले 25 वर्ष से कम आयु के युवाओं बेरोजगारी दर 21.4 फीसदी है जो सबसे ज्यादा है। 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के स्नातकों में बेरोजगारी दर पांच फीसदी से कम है। जबकि 40 साल या उससे अधिक उम्र वाले ग्रेजुएट लोगों में बेरोजगारी दर महज 1.6 फीसदी है। इस रिपोर्ट का कहना है कि 25 साल से कम आयु के अनपढ़ युवाओं में बेरोजगारी दर 13.5 फीसदी पाई गई है। जबकि 40 साल या उससे ज्यादा उम्र के अनपढ़ वर्ग में बेरोजगारी दर 2.4 फीसदी है।



### सरकारी आंकडों से तैयार हुई रिपोर्ट

बताया जाता है कि अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी का ये रिपोर्ट सरकारी आंकड़ों पर आधारित है। एनएसओ के रोजगार-बेरोजगारी सर्वे, लेबर वर्क फोर्स सर्वे, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण, जनसंख्या जनगणना जैसे आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर ये रिपोर्ट तैयार किया गया है। ग्रामीण कर्नाटक और राजस्थान में इंडिया वर्किंग सर्वे के नाम से एक विशेष सर्वेक्षण भी किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि देश में बेरोजगारी दर में भले की कमी हो लेकिन इनकम लेवल स्थिर बना हुआ है।

### महिलाओं की कमाई स्थिर

इस रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की इनकम कोरोना महामारी के दस्तक देने के पहले से घटने लगी थी. 2004 के बाद से महिला रोजगार दर में या तो गिरावट आ रही थी या वो स्थिर बनी हुई थी। 2019 के बाद से, महिलाओं के रोजगार में बढ़ोतरी आई है। महामारी के बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्व-रोजगार को अपनाया है। कोरोना महामारी के पहले 50 फीसदी महिलाएं स्व-रोजगार में थीं और महामारी के बाद से आंकड़ा बढ़कर 60 फीसदी है।

## सड़कों की ऐसी दुर्दशा...





*भोपाल में हो रही लगातार बारिश से सड़कें जर्जर हो गई है। वहीं लाखों लोग परेशान हो रहे हैं। कोलार की 10 किमी सड़क पर पैदल चलना तक मुश्किल है तो पुराने शहर के भोपाल टॉकीज, हमीदिया रोड और करोंद में भी सड़कें गड्ढों में गायब हो गई है।*

### आपरेटरों का दावा– परमिट में छूट नहीं मिल रही

# गांवों को जोड़ने वाली 100 बसों को बंद करने की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर से गांव के बीच लोक परिवहन सेवा गड़बड़ाने वाली है। ऐसा इसलिए क्योंकि भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) शहर से शुरू होकर गांव तक जाने वाली 100 बसों की सेवा बंद करने वाली है। ये बसें शहर के अंदर तो चलेंगी लेकिन गांव नहीं जाएंगी। दो लाख लोगों को इससे नुकसान होगा। ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले हैं, जो इन बसों से शहर आते हैं। शहर के लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि ये ग्रामीण अब निजी वाहनों से शहर में दाखिल करेंगे। जिसकी वजह से सड़कों पर दबाव बढ़ेगा, जाम की स्थिति और पैदा होगी। इन वाहनों से निकलने वाला धुआं सेहत पर विपरित असर डालेगा।

बीसीएलएल का दावा है कि आरटीओ द्वारा बसों के परमिट में दी गई छूट को बंद किया जा रहा है। जिसके कारण उन्हें यह निर्णय लेना पड़ रहा है।

### ये बसें शहर से होकर 12 से अधिक ग्रामीण रूटों पर जाती है, गांवों से 2 लाख लोग इनमें आते हैं शहर



### मुख्यमंत्री की घोषणा पर किया जा रहा था बसों का संचालन

पूर्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर बस सेवा को ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार करने की घोषणा की थी। जिसके तहत शहर की सीमा से 25 किलोमीटर दूरी तक नगरीय बसों का परिवहन किया जा रहा था।

### अब तक आरटीओ ले रहा था शहरी सीमा का टैक्स

बीसीएलएल के आपरेटरों को परमिट में भी छूट दी जा रही थी। भले ही आपरेटरों की बसें ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवा दे रही थी, लेकिन उनसे आरटीओ टैक्स शहर के हिसाब से लिया जाता था। अब आरटीओ विभाग ने स्पष्ट कर दिया है, कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवा के लिए आपरेटरों को स्टेट कैरेज का टैक्स देना पड़ेगा। इससे आपरेटर परेशान हैं और वो परिवहन सेवा को शहर में सीमित करने का विचार कर रहे हैं। आपरेटरों का दावा है कि अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में भी नगर बस की सेवा संचालित हो रही थी। इसके लिए हमें तीन माह में एक बार परमिट लेना पड़ता था। वहीं प्रति सीट के हिसाब से तीन माह के लिए 90 रुपये आरटीओ टैक्स चुकाना होता था। लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन पर हमें 150 रुपये प्रतिमाह और प्रति सीट टैक्स चुकाना होगा। जिससे हमें ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन मंहगा पड़ेगा।

# सरकारी स्कूलों का समय बदलने के साथ निजी स्कूलों की बसों का किराया समान करने की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पालक महासंघ मप्र ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव को लेकर लोक शिक्षण आयुक्त को पत्र लिखा है। पालक महासंघ ने मांग की है कि स्कूलों का समय सुबह 8:30 से दोपहर 2 बजे किया जाए। ताकि स्कूली बच्चे खेलकूंद सहित अन्य गतिविधियों में भी समय दे पाए। इसके साथ ही पालक महासंघ ने आयुक्त से निजी स्कूलों में समान परिवहन शुल्क लागू करने की मांग भी की है। महासंघ ने कहा है कि परिवहन शुल्क की दरें स्कूल शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग मिलकर तय करें, ताकि पूरे प्रदेश में सभी स्कूलों में एक समान परिवहन शुल्क् निर्धारित किया जा सके। स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू करने और बच्चों के बैग का वनज कम करने की मांग भी की है।

### पालक महासंघ ने लिखा आयुक्त को पत्र, कहा: बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास लगातार प्रभावित हो रहा है



**बच्चे आलस्य, बीमारी का हो रहे शिकार:** पालक महासंघ ने अपने पत्र में कहा है कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल सुबह 10 बजे के बाद प्रारंभ होते हैं और शाम 4:30 बजे अवकाश होता है। ऐसे में बच्चों में सुबह देर से उठने की प्रवृत्ति ब?ती जा रही है और वह आलस्य, बीमारी का शिकार हो रहे हैं। बच्चे शाम 5 बजे के बाद घर पहुंचते हैं। ऐसे में बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास लगातार प्रभावित हो रहा है। नई शिक्षा नीति में भी बच्चों के शारीरिक गतिविधियों पर विशेष बल दिया गया है।

# शास्त्रीयता एवं आध्यात्मकिता के रंग घुले संगीत की महफिल में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मौसम में बदलाव और मानसून की फुहारों के आलम में भारत भवन में युवा और लब्ध-प्रतिष्ठित गायक कलाकारों की गायन सभाओं पर आधारित तीन दिवसीय 'गायन पर्व' का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन इस मौके पर शास्त्रीय संगीत की दो सभाएं सजी। पहली प्रस्तुति में जहां युवा गायक निर्भय सक्सेना ने अपने अलौकिक गायन से उपस्थित दर्शकों को आनंद के सागर में डूबो दिया। वहीं दूसरी सभा में पद्मभूषण पं. गोकुलोत्सव महाराज के सुरीले कंठ से संगीत की सुमधुर बरसात ने श्रोताओं को आनंद से तरबतर कर दिया। वहीं ब्रजोत्सव महाराज ने भी सुरों की धारा प्रवाहित की। पिता-पुत्र की इस जोड़ी ने अपने सुरीले संगीत से वातावरण में शास्त्रीयता एवं आध्यात्मकिता के रंग घोले। उनकी शानदार प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### राग मेघ मल्हार में बरखा ऋतु आई...

संगीत सभा में पं. आचार्य गोकुलोत्सव महाराज एवं उनके पुत्र व्रजोत्सव महाराज ने सर्वांग गायकी के अंतर्गत खंड मेरु एवं राग मेघ मल्हार को प्रस्तुत किया। पहली प्रस्तुति विलंबत लय झूमरा ताल में रही और बोल थे बरखा ऋतु आई..., इसके बाद द्रुत लय एकताल में घन उमड़- उमड़ गरजत... को सुनाया। तत्पश्चात द्रुत लय तीन ताल में गरज घुमड़ घन छाओ बादरवा... की प्रस्तुति देते हुए समां बांध दिया। इससे पहले शास्त्रीय गायन पर आधारित गायन पर्व का शुभारंभ निर्भय सक्सेना की प्रस्तुति के साथ हुआ। उन्होंने अपने गायन के लिए राग भूपाली का चयन किया।

### भारत भवन में गायन पर्व की शुरूआत

### कुटकुट भवन में संगीत संध्या कार्यक्रम

भोपाल के कुटकुट भवन में आरडी मेमोरियल अकादमी द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कलाकारों ने संगीत संध्या में भाग लिया इस मौके पर आयोजक हेमंत चौहान ने बताया कि संगीत को लेकर काफी जागरुक है। संगीत के लिए जागरूकता नए युवाओं में बनी रहे आज हमारे बीच में सभी वरिष्ठ गानों की उपस्थिति में आगे कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर शहर के विभिन्न वरिष्ठ गान कार्यक्रम में उपस्थित हुए सरस्वती की पूजा के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### देशभर से प्राकृतिक चिकित्सा से स्वस्थ रहने के सूत्र सीखने साधक आए

# 'जैसा आहार वैसा आचार, विचार और व्यवहार'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्राकृतिक आरोग्य केन्द्र दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में अनुभव सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आहार विशेषज्ञ धरती बेन ठक्कर स्वस्थ रहने के लिए आहार के टिप्स दिए।

शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से साधक शामिल हुए हैं। शिविर का उद्देश्य दवा रहित व दर्द रहित समाज बना है। प्रकृति ने जो हमें औषधियां दी हैं, उससे व्यक्ति पूरी आयु स्वस्थ रह सकता है। नियमित दिनचर्या और आहार का अनुशासन शिविर में सिखाया गया है। आहार विशेषज्ञ धरती बेन ठक्कर ने कहा कि प्रत्येक घर में प्राकृतिक चिकित्सा का ज्ञान होना जरूरी है,



यदि घर की बेटी या बहू ये जान गई कि स्वास्थ्य, आहार से मिलता हैं और कैसे आहार का सेवन करना चाहिए तो, उस परिवार में कोई व्यक्ति बीमार नहीं हो सकता है। बीमारियों का मुख्य कारण पक्काहार है और प्राकृतिक आहार को अपनाकर स्वंय को पूर्णतः रोग मुक्त कर सकते हैं।

सत्र में शिविरार्थियों ने अपने अनुभवां को साझा करते हुए कहा कि उन्हें दस दिनों में ही बी.पी., डायबीटिज, घुटनों के दर्द, हाथां पैरों के दर्द, अर्थराइटिस, साइनस, सरवाइकल स्पोंडिलाइटिस में काफी आराम हुआ है। सत्र का समापन डॉ लता टेवानी के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

**मेट्रो एंकर**

### संत मैनेजमेंट कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का समापन

# युवाओं में एनीमिया की समस्या पर विचार विमर्श

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अवसर पर संस्थान की छात्राओं के लिए उत्तम स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम यूनिसेफ, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के सहयोग से आयोजित किया गया था।

यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने पोषण से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखें। महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक सुरेश तोमर ने उचित स्वास्थ्य का महत्व समझाया। बाल स्वास्थ्य पोषण की अतिरिक्त संचालक डॉ.



हिमानी यादव ने विशेषतः युवाओं में एनीमिया की समस्या एवं उपचार के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। संत हिरदाराम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. गुलाब टेवानी ने जूस थैरपी के बारे में प्रकाश डाला। संत हिरदाराम नेचुरोपैथी एवं योगिक विज्ञान मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा ने एनीमिया एवं युवाओं के स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे। यूनिसेफ की पोषण विशेषज्ञ पुष्पा अवस्थी ने किशोरावस्था में होने वाले एनीमिया के बारे में एक वृत्तचित्र को दर्शाया। यूनिसेफ ऐस बी सी ऑफिसर मोनिका मौर्य एवं संस्थान की प्रो. शालू पांडे ने यूनिसेफ की संस्थान के साथ यात्रा के बारे में कॉमिक फॉर चेंज एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यमों से चलचित्र के द्वारा बताया। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं ने मेंस्ट्रूअल हाइजीन मैनेजमेंट पर विशेष नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी, जिसमें इस विषय से संबंधित भ्रांतियां के बारे में रोचक तरीके से बताया गया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डॉयरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी है।

# बीयू ने महिला सुरक्षा एवं सम्मान पर की कार्यशाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग द्वारा साधु वासवानी महाविद्यालय बैरागढ़ में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर बी. डी.पांडे सचिव पी. एस.आर.डी. समिति भोपाल , प्राचार्य प्रोफेसर एके सिंह,अधिष्ठाता छात्र कल्याण कल्याण प्रोफेसर पवन मिश्रा, प्रोफेसर नरवानी, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं अन्य प्राध्यापक व महाविद्यालय के छात्र उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में विभिन्न धार्मिक ग्रंथो के उद्धरण देते हुए महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा का वैदिक काल से महत्व सिद्ध किया एवं उसमें युवाओं की भूमिका समझाई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए घरेलू कार्यों में छात्रों की जिम्मेदारी एवं उससे उनके व्यक्तित्व विकास में निखार किस प्रकार से आ



सकता है इस पर अपने विचार व्यक्त किए। आपने छात्रों को संयमित, सहनशील, ईमानदार एवं सच्चरित्र रहते हुए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना प्राथमिक बताया। छात्रों में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसात्मक प्रवृत्ति को किस प्रकार से रोका जा सकता है इस पर भी आपने विभिन्न उदाहरणों से विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### प्राचार्य और महिला कर्मचारी ने लगाए आरोप

# डीईओ ने अभद्र व्यवहार कर कमरे से निकाला, कहा- ऑफिस में दिख मत जाना!

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अंजनी कुमार त्रिपाठी पर एक अनुसूचित जाति की महिला कर्मचारी ने जिला अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच कर कमरे से बाहर निकालने के आरोप लगाए हैं। वहीं एक अन्य मामले में एक महिला प्राचार्य ने भी डीईओ पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। दोनों मामलों में महिलाओं ने आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव व संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद कुमार चैरगड़े के पास लिखित शिकायत की है।**

उल्लेखनीय है कि बीते गुरूवार को भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने डीईओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डीईओ की कुर्सी पर लापता डीईओ के पोस्टर भी लगा दिया था। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि डीईओ त्रिपाठी न कार्यालय में मिलते हैं और न ही फोन उठाते हैं। मामले में संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद कुमार चैरगड़े का कहना है कि एक महिला प्राचार्य व एक महिला कर्मचारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ शिकायत की गई है। इसके साथ इसे आगे की कार्यवाही के लिए आयुक्त लोक शिक्षण को भेजा गया हैं। दोनों मामलों में जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### आयुक्त लोक शिक्षण व संभागीय संयुक्त संचालक तक पहुंची लिखित शिकायत





#### यह है दोनों मामले

सहायक ग्रेड तीन अजा वर्ग की महिला कर्मचारी ने प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि शमी व संभागीय संयुक्त संचालक को दिए गए शिकायती आवेदन में बताया है कि पिछले 10 अगस्त व 21 सितंबर को जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने अपने कक्ष में बुलाकर एक फाइल को लेकर मेरे साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की। उन्होंने अभद्र व्यवहार करते हुए मुझे से कमरे से बाहर निकाल दिया। साथ ही कहा कि कभी इस आफिस में दिख मत जाना, नहीं तो अनुशासनात्मक कार्यवाही कर दूंगा। महिला कर्मचारी का कहना है कि त्रिपाठी की कार्यशैली एवं व्यवहार से कार्यालय के समस्य कर्मचारी और आमजनता पेरशान है। वरिष्ठ अधिकारियों के विरूद्व भी कर्मचारियों के समक्ष अभद्र शब्दों का प्रयोग करते रहते हैं। महिला कर्मचारियों के साथ भी उनका व्यवहार आपत्तिजनक रहता है। वहीं फंदा ग्रामीण इलाके की एक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य ने डीईओ त्रिपाठी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगात हुए संभागीय संयुक्त संचालक को लिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि जब भी मैं जिला शिक्षा अधिकारी के पास अपनी कोई भी समस्या लेकर जाती हूं, तो वह मेरी बात सुनते ही नहीं हैं। अगर सुनते भी हैं, तो कहते हैं हो गई आपकी बात, अब जाईए यहां से। प्राचार्य ने बताया कि कुछ दिन पहले किसी अन्य स्कूल में पदस्थ एक महिला शिक्षक मेरे स्कूल में आकर बैठी थीं। जब उनसे कारण पूछा और यह कहा कि इस समय आपको अपने स्कूल में होना चाहिए, तो वह भड़क गई और मारपीट के लिए तैयार हो गई। यह पूरी घटना कैमरे में रिकार्ड हुई है। जब इस पूरी घटना की लिखित और मौखिक जानकारी डीईओ त्रिपाठी को दी तो उन्होने इस पर ध्यान नहीं दिया। बल्कि इसके उलट डीईओ त्रिपाठी ने उक्त शिक्षिका के लिए व्यक्तिगत फोन किया। जब कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देना चाहा, तो वह भी लेने से इंकार कर दिया।

### लाडली बहना योजना: महिलाओं को अगले माह से मिलने है 1250 रु.

# दूरदर्शिता- आचार संहिता के पहले योजना राशि में इजाफे के आदेश

भोपाल, दोपहर मेट्रो



अगले महीने चुनाव आचार संहिता के प्रभावी हो जाने के पहले एहतियात बरतने हुए सरकार ने लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं के हर महीने 1250 रुपए देने के आदेश जारी कर दिये। अभी तक यह राशि एक हजार रुपए महीना थी। अब एक करोड़ 31 लाख लाड़ली बहनों को अक्टूबर से 1250 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।

दरअसल , मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने यह दूरदर्शिता बरती है तथा राशि में वृद्धि करने के आदेश जारी कर दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने योजना राशि धीरे-धीरे बढ़ाकर तीन हजार रुपये तक ले जाने की घोषणा की है। अब तक प्रतिमाह एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं। रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री ने 250 रुपये अलग से दिए थे और यह घोषणा की थी कि अक्टूबर से 1000 रुपए के स्थान पर 1250 रुपए दिए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि योजना में इसके लिए संशोधन कर राशि में वृद्धि की गई है। दरअसल, अगले माह विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, उसके बाद न तो नए हितग्राही जोड़े जा सकेंगे और न ही राशि में वृद्धि हो सकेगी इसलिए विभाग ने पहले ही आदेश जारी कर दिए हैं ताकि जब दस अक्टूबर को राशि का भुगतान हो तो कोई परेशानी न आए।

### सत्र 2024 में होने वाली परीक्षा की तारीखों का एलान

# सीयूईटी यूजी 15 मई और पीजी एग्जाम 11 मार्च से होंगे


फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो

सत्र 2024 में यूजी परीक्षा 15 मई व पीजी एग्जाम 11 मार्च से शुरू हो जाएंगे। राष्टीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा यूजी और पीजी के लिए तारीखों का एलान किया है। इस एग्जाम का आयोजन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट सीबीटी मोड में किया जाएगा। नोटिस के अनुसार सीयूईटी यूजी परीक्षा 15 मई 2024 से लेकर 31 मई 2024 तक आयोजित की जाएगी। जबकि सीयूईटी पीजी परीक्षा 11 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च 2024 तक आयोजित होंगी। सरकारी स्कूलों में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। ताकि उन्हें देश की अच्छी यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिल सके।

## बीयू का दीक्षांत समारोह 26 को, 27 विद्यार्थियों को मिलेंगे गोल्ड मेडल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

26 सितंबर को बरतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस बार भी विश्वविद्यालय का 85 फीसदी गोल्ड छात्राओं में नाम रहा। कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में पास आउट होने वाले विद्यार्थियों को डिग्री एवं मेडल दिए जाएंगे। समारोह में 191 विद्यार्थियों को राज्यपाल द्वारा डिग्री एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। समारोह में यूजी-पीजी के कुल 27 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिलेंगे। इसमें 23 छात्राएं एवं 4 छात्र शामिल हैं। यह कार्यक्रम मिंटो हाल में मंगलवार को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति एसके जैन, रजिस्ट्राट आईके मंसूरी सहित फैकल्टी एवं विद्यार्थी शामिल होंगे।

## नीलम पार्क में मांगों को लेकर अतिथि विद्वानों ने किया प्रदर्शन



भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में पढ़ाने वाले जनभागीदारी स्ववित्तीय अन्य योजना के तहत अतिथि विद्वान अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को भोपाल के नीलम पार्क में धरना देने पहुचें। अतिथि विद्वानों ने कहा कि जनभागीदारी स्ववित्तीय अन्य योजना के अतिथि विद्वानों को महापंचायत का मौका दिया जाना चाहिए। अतिथि विद्वानो का कहना हैं की हमारी नियुक्ति उच्च शिक्षा विभाग के मापदंडों अनुरूप हुई है एवं विगत 26 वर्षो से पढ़ाते आ रहे है एवं साथ ही हम उन विषयों को पढ़ाते है जिनमे प्रदेश के अधिकांश विद्यार्थी प्रवेश लेते है। अतिथि विद्वानों ने मुख्यमंत्री के नाम का मांग पत्र विशेष कर्तवस्थ अधिकारी को सौंपा एवं उच्च शिक्षा मंत्री के यहां जाकर भी मांग पत्र सौंपा।

## 'जनजातीय युवा, शादी के पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान करें'

भोपाल, दोपहर मेट्रो

सिकल सेल रोग को वर्ष 2047 तक समाप्त करने के लिए जरूरी है कि जनजातीय समुदाय के युवा, शादी के पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान करे। सिकल सेल रोगी युवक-युवती किसी भी अवस्था में आपस में विवाह नहीं करे। गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराए। प्रसव के 72 घंटों के भीतर नवजात शिशु की जांच भी कराई जानी चाहिए। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में टंट्या भील वार्ड लोकार्पण कार्यक्रम में कही। इससे पहले पटेल ने एम्स में सिकल सेल वार्ड में जा कर राज्यपाल निधि से उपचाराधीन रोगियों से चर्चा की। उनके स्वास्थ्य की प्रगति के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में संस्थान द्वारा सिकल सेल बीमारी की जानकारी से संबंधित प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया।

### मेट्रो एंकर | राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के आवेदन शुरू


# मप्र लोक सेवा आयोग: 13 परीक्षाओं की संभावित तारीखें की जारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



मप्र लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 सहित करीब 13 परीक्षाओं की संभावित तारीखें जारी की हैं। इस संबंध में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2022 8 अक्टूबर 2022 को, राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2023 तक, राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2022 10 दिसंबर 2023 को, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 17 दिसंबर 2023, सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 28 जनवरी 2024 को, कराधान सहायक परीक्षा-2022 25 फरवरी 2024 को, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 28 अप्रेल 2024 को, सहायक संचालक ग्रामेद्योग-2023 16 जून 2024 को, राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 22 जुलाई से 27 जुलाई 2024 को आयोजित की जा सकती है।

आयोग ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू कर दी है। परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2023 तक है। उम्मीदवार 25 सितंबर से 25 अक्टूबर तक अपने आवेदन पत्र संपादित कर सकेंगे।



सुविचार

‘‘अगर जिंदगी में बड़ा बनना है तो बदला लेने की नहीं, हमेशा बदलाव लाने की, सोच रखिए ।।’’

- अज्ञात

I iknd h;

## रूपए की कमजोरी

भारतीय रुपए की कीमत में गिरावट दस साल पहले बहुत बड़ा मुद्दा बनी थी, सियासी तौर पर भी और आर्थिक व सामाजिक तौर पर भी। तब से अब तक रूपये की कीमत में और गिरावट आ चुकी है। अभी जो रुख बना हुआ है, वह कम चिंता की बात नहीं है। इसमें सुधार के लिए कोई रास्ता तत्काल निकालने की जरूरत है। हाल में डालर के मुकाबले रुपए के मूल्य में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई, जिसके तहत रुपया 83.29 प्रति डालर पर आ गया। किसी देश की अर्थव्यवस्था का आकलन का पैमाना यह भी होता है कि वहां की मुद्रा का मूल्य क्या है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी साख कैसी है। हालांकि कारोबार या अन्य स्थितियों में आने वाले उतार-च?ाव की वजह से कुछ समय के लिए मुद्रा की कीमतों पर असर प?ता रहता है मगर यह स्थिति ज्यादा वक्त तक बनी रहो तो अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने का कारण भी बनती हैं। हाल की रूपये की कीमत पर ‘इंटरबैंक फारेन करंसी एक्सचेंज’ बाजार में अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए में इस उल्लेखनीय गिरावट के लिए कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दूसरी मुद्रा की तुलना में डालर मजबूती के रुख पर है। इसका सीधा असर रुपए पर पड़ा है। भले आर्थिक स्थिति में लगातार बेहतरी का दावा किया जा रहा हो, लेकिन रुपए में गिरावट से कई आशंकाएं भी खड़ी हो रही हैं। दरअसल, मुद्रा के लगातार ऐसी स्थिति में बने रहने के नतीजे में अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीदें कमजोर और मंदी की संभावनाएं भी खड़ी होने लगती हैं। हाल ही में सामने आए आंकड़े के मुताबिक देश में आयात और निर्यात, दोनों ही मोर्चे पर गिरावट दर्ज हुई है। इसका स्वाभाविक असर रुपए की कीमत पर देखा जा रहा है। पिछले हफ्ते जारी सरकारी आंकड़ों में बताया गया कि अगस्त में भारत का निर्यात 6.86 फीसद घटकर 34.48 अरब डालर रह गया है। जबकि बीते वर्ष इसी महीने यह आंक?ा 37.02 अरब डालर का था। इसी तरह आयात में भी गिरावट आई और यह 5.23 फीसद घट कर 58.64 डालर रह गया। साल भर पहले इसी दौरान यह 61.88 अरब डालर का दर्ज किया गया था। किसी देश की मुद्रा की कीमत मांग और आपूर्ति पर आधारित होती है। वैश्विक पूंजी बाजार में जिस मुद्रा की ज्यादा मांग होगी, उसकी कीमत भी अधिक होगी। हालांकि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां कई बार मुद्रा की कीमतों पर असर डालती हैं, लेकिन यह पहले से ही आर्थिक मोर्चे पर संघर्ष कर रहे देशों को प्रभावित करती है। वैस तो दुनिया में व्यापार के मामले में चूंकि अमेरिकी डालर एक खास जगह रखता है, इसलिए रुपए की कीमत में गिरावट को मुख्य रूप से इसी कसौटी पर आंका जाता है। फिलहाल, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से कारोबार पर असर पड़ा है। मगर केवल इसी कारण को रुपए के कमजोर होने के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। जानकार भी मानते हैं कि आमतौर पर किसी भी देश की मुद्रा में गिरावट आना कई अन्य स्थितियों पर भी निर्भर करता है। मसलन, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सिकुड़न आने या खरीदारी कम होने का सीधा असर मुद्रा की कीमतों पर भी पड़ता है। इसका मुख्य कारण लोगों की क्रय शक्ति घटना होता है, जिसके चलते निवेश भी प्रभावित होता है। कुल मिलाकर दुनिया की टाप थ्री अर्थव्वस्था में शामिल होने की हमारी हसरतों को अभी कई मोडों से गुजरना है।

# क्या बीजेपी को होगा महिला आरक्षण बिल से फायदा, विपक्ष को कितना मिलेगा क्रेडिट

**धर्मेन्द्र कुमार सिंह**





केंद्र सरकार ने जब संसद का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की तो दिल्ली का राजनीतिक पारा चढ़ गया और कयास के बादल मंडराने लगे कि अचानक विशेष सत्र क्यों बुलाया गया। महिला आरक्षण विधेयक लाने की घोषणा के बाद यह साफ हुआ कि सरकार की मंशा 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महिला वोटरों में पैठ बनाने की कोशिश है। लेकिन यह बिल लागू होगा 2029 से। अब विपक्ष सवाल कर रहा है कि इसे 2029 तक क्यों टाला जा रहा है। उसकी मांग है कि 2024 लोकसभा चुनाव से ही इसे लागू होना चाहिए। वैसे राजनीति अपनी जगह, लेकिन 27 साल के लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण विधेयक का संसद से पारित हो जाना वाकई ऐतिहासिक है। संयोग देखिए, 27 साल से धूल फांकते इस बिल की किस्मत नई संसद में खुली है। इस बिल के कानून बन जाने और लागू होने के बाद संसद के स्वरूप में महत्वपूर्ण बदलाव दिखेंगे।

**लोकसभा** में महिला सदस्यों की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी।

**इस** बिल में आरक्षण की अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

**दलित** और आदिवासियों के लिए जितनी सीटें लोकसभा और विधानसभा के लिए आरक्षित हैं, उनमें से 33त्न इस समुदाय की महिलाओं के लिए निर्धारित हो जाएंगी।

**ओबीसी** समुदाय के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हालांकि ओबीसी आरक्षण की मांग के चलते यह बिल इतने समय लटका रहा।

इस बिल के तहत महिला आरक्षण 15 साल के लिए मिलेगा। उसके बाद इसे जारी रखने के लिए फिर से बिल लाना होगा। दिलचस्प है कि आजादी के आंदोलन में अच्छी भागीदारी के बावजूद आजादी के बाद महिलाओं को राजनीति में ठीक ठाक नुमाइंदगी नहीं मिल सकी। आज भी लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी करीब 15 फीसदी और राज्यसभा में 13 फीसदी ही है। लोकसभा में 15 फीसदी की भागीदारी भी पहली बार 2019 के चुनाव में ही हो पाई। 1977 में जेपी आंदोलन के बावजूद महिला का प्रतिनिधित्व सबसे खराब स्तर पर था, महज 3.5 फीसदी।

ऐसे में महिला आरक्षण बिल की अहमियत जगजाहिर है। लेकिन इसकी अब तक की यात्रा भी बड़ी दिलचस्प रही। इसे 1996 में तैयार किया गया था, लेकिन यह शुरू से ही विवादों में फंसा रहा। पहली दफा विरोधी नेताओं ने इसे पेश ही नहीं करने दिया।

उसके बाद 1998 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने कोशिश की तो उनकी ही पार्टी के लोगों ने उन्हें खरी खोटी सुनाई, जिनमें उनकी सरकार के मंत्री शरद यादव प्रमुख थे।

उसी साल बनी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने भी इसे पेश करने की कोशिश की, लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसदों ने इसे सदन में फाड़ डाला। कानून मंत्री थंबी दोरई की कमीज भी फाड़ दी गई।

2000 में कानून मंत्री रामजेठमलानी ने बिल तो पेश कर दिया, लेकिन पास नहीं करवा पाए।

प्रधानमंत्री वाजपेयी ने महिला आरक्षण पर सहमति के लिए 3 मार्च, 2002 को सभी दलों की बैठक बुलाई।

बैठक में सहमति नहीं बन पाई क्योंकि मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी और लालू प्रसाद यादव की आरजेडी इसमें पिछड़ों के लिए कोटे की मांग पर अड़ी रही।

यूपीए सरकार ने भी कोशिश की, पर वह भी इसे राज्यसभा में ही पास करा सकी। अब मोदी सरकार इसे लेकर आई तो क्रेडिट लेने की होड़ मच गई है। सोनिया गांधी ने इस बिल का समर्थन किया और कहा कि यह बिल राजीव गांधी का सपना था। कांग्रेस की मांग है कि इस बिल को तत्काल अमल में लाया जाए, लेकिन उसका यह भी कहना है कि जातीय जनगणना कराकर इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण का प्रावधान किया जाए। आरजेडी और समाजवादी पार्टी भी ओबीसी महिलाओं के लिए प्रावधान की मांग कर रहे हैं। इन सबके बीच बीजेपी इस विधेयक को मोदी सरकार की प्रथमिकता से जोड़ रही है। उसका कहना है कि जब से मोदी सरकार आई है, इसका महिला सशक्तीकरण पर खासा जोर रहा है। बात गलत भी नहीं। पीएम मोदी ने न सिर्फ बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा दिया बल्कि महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। करीब 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाया गया ताकि महिलाओं को खुले में शौच ना करना पड़े। फ्री गैस सिलिंडर देना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देना, जनधन योजना के तहत 50 करोड़ लोगों का बैंकों में खाता खुलवाना- इन तमाम योजनाओं के जरिए महिला को ताकत देने की कोशिश हुई।

नौकरीपेशा महिलाओं के लिए मैटरनिटी लीव को बढ़ाकर 12 सप्ताह से 24 सप्ताह कर दिया गया।

3.18 करोड़ सुकन्या समृद्धि योजना खाते खुलवाए गए। उनकी सेहत के लिए एक रुपये की दर से 27 करोड़ सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए गए।

घरेलू महिलाओं के लिए फ्री सिलाई मशीन जैसी योजना शुरू की गई ताकि घरेलू महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इन सबका परिणाम रहा कि 2019 लोकसभा चुनाव में करीब 50 फीसदी महिलाओं ने बीजेपी गठबंधन को वोट दिया। मगर 2019 के आंकड़े आगे काम नहीं आएंगे। अब 2024 के लोकसभा चुनाव सामने हैं और यह एक तथ्य है कि पूरे तामझाम से लाया जा रहा महिला आरक्षण विधेयक 2024 लोकसभा चुनावों में लागू नहीं होने जा रहा। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि देरी से महिला वोटरों पर कैसा असर होता और उनका रुझान किस दल की तरफ होता है।

**साभार :** लेखक चुनाव विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## निशाना

**है मचा बवाल !**



- कृष्णेन्द्र राय

अमर्यादित शब्दों का ।
किया इस्तेमाल ।।
हुआ नोटिस जारी ।
है मचा बवाल ।।
कुछ लोगों ने ठाना है ।
करना नहीं सुधार ।।
मनमानी तो कर दिया ।
फिर दिखा इस बार ।।
हुआ ना असर ।
भले कोशिश लाख ।।
ना इसकी है चिंता ।
घटे भले ही साख ।।
लेकर के संज्ञान ।
खड़ा करें कतार ।।
बोलचाल की भाषा का ।
ये कैसा आधार ?

## आज का इतिहास

- **1739** – रूस और तुर्की के बीच बेलग्रेड शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- **1803** – ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने असाये के युद्ध में मराठा सेना को हराया।
- **1857** – रूसी युद्धपोत लेफर्ट फिनलैंड की खाड़ी में आये भीषण तूफान में गायब हुआ, 826 लोग मारे गए।
- **1929** – बाल विवाह निरोधक विधेयक (शारदा क़ानून) पारित।
- **1955** – पाकिस्तान ने बगदाद समझौता पर हस्ताक्षर किया।
- **1958** – ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप पर वायुमंडलीय परमाणु परीक्षण किया।
- **1965** – भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का आदेश।
- **1970** – अब्दुल रज़ाक बिन हुसैन मलेशिया के प्रधानमंत्री बने।
- **1979** – सोमालिया के संविधान को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी।
- **1992** – यूगोस्लाविया का संयुक्त राष्ट्र संघ से निष्कासन।
- **1995** – ताबा (मिस्र) में इस्रायल एवं फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के मध्य पश्चिमी तट में फिलिस्तीनी स्वशासन के संबंध में समझौता।
- **2000** – सिडनी ओलम्पिक में संयुक्त राज्य अमेरिका की धाविका मैरियन जोन्स ने 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता।
- **2001** – ब्रिटिश व तालिबान सेना के बीच गोलाबारी, संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत व पाकिस्तान पर से प्रतिबंध हटाये।

# सांस्कृतिक जगत् की महान उपलब्धि है एकात्मधाम, बंधती है यहां भारतीय दर्शन की डोर

**डॉ. कृष्ण गोपाल मिश्रा**



प्रायः समझा जाता है कि साधु-संन्यासियों का काम निर्जन वनों और पर्वत कन्दराओं में एकान्त साधना करना है, किन्तु आदि शंकराचार्य ने संन्यास की जिस नई चेतना से समाज का दिशा-दर्शन किया वह सामाजिक जीवन के सांस्कृतिक प्रवाह को अमर और अक्षय बनाने का नया विधान रचती है।भारतवर्ष के जिस सुविशाल भू-भाग को उसकी विविधताओं के कारण राजनीति संगठित रखने में बार-बार विफल होती रही है उस भारत-वसुन्धरा को शंकराचार्य अपनी अद्भुत प्रज्ञा से सांस्कृतिक-धार्मिक सूत्र में युग-युग के लिए एकता सिखा गए। वेश, भाषा, भोजन आदि अनेक भिन्नताओं के मध्य अद्वैत-दर्शन की सुचिन्तित एकात्मता आचार्य शंकर के बाद सदा अविच्छिन्न रही है।

चार धामों की यात्रा युग-युगान्तर से देश को जो?कर रखे है। शंकराचार्य का धार्मिक सांस्कृतिक नेतृत्व इस तथ्य को भी रेखांकित करता है कि संन्यास जीव के ब्रह्म से मिलन की एकान्त साधना मात्र नहीं है, वह सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन की गहन समस्याओं के समाधान का सुचिन्तित प्रयत्न भी है। शंकराचार्य के परवर्ती युग में गोस्वामी तुलसीदास, समर्थ गुरु रामदास, स्वामी प्राणनाथ, और सिख गुरुओं से लेकर स्वामी विवेकानन्द, महर्षि दयानन्द, योगी अरविन्द आदि का संन्यासी जीवन आदि शंकराचार्य की लोकमंगलमुखी साधना-दृष्टि से ही अनुप्राणित है, इसलिए आदि शंकराचार्य भारतवर्ष की संन्यास परम्परा में अति विशिष्ट और महत्त्वपूर्ण हैं।कृषि और ऋषि इस देश की सनातन परम्परा के सुदृ? आधार हैं। जहां कृषि ने जीवन की अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर मनुष्य को भौतिक समृद्धि दी, उसके तन को पुष्ट किया, वहीं ऋषि-परम्परा ने उसके मन की सहज दुर्बलताएं दूर कर उसे शिष्ट बनाया, उसमें मानव मूल्यों को विकसित किया।आज नारद, भृगु, याज्ञवल्क्य, वशिष्ठ, व्यास आदि संन्यासी महर्षि पुराणों के विषय हैं किन्तु उनकी यशस्वी परम्परा के संवाहक आदि शंकराचार्य ऐतिहासिक धरातल पर उनके जीवन्त साक्ष्य हैं। विक्रम की आठवीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य का अवतरण भारतीय सांस्कृतिक जगत की सर्वथा अपूर्व घटना है, जिसने भारतवर्ष की सामाजिक-सांस्कृतिक विश्रृंखलता को दूर कर राष्ट्रीय संदर्भों में स्थायी एकता की सुदृ? आधारशिला स्थापित की।

हमारे राष्ट्रमंदिर का स्वर्ण शिखर आचार्य शंकर की अलौकिक चिन्तन-चेतना से ही सतत् आलोकित हैं। यदि उन्होंने चार दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर धार्मिक-सांस्कृतिक दृष्टि से भारतीय समाज को सूत्रबद्ध न किया होता तो बहुत संभव था कि मध्यकाल में इस्लामिक धर्मान्तरण की काली आंधी सब कुछ उ?ाकर ले जाती और बिखरा हुआ भारतीय समाज अपनी सनातन पहचान ही खो बैठता। आदि शंकराचार्य के अवतरण ने एक बार फिर हमारे पौराणिक अवतारवाद की अवधारणा को पुष्ट करके आधे-अधूरे दार्शनिक निष्कर्षों के मक?जाल से मुक्त कर समाज को निर्भान्त अद्वैत दर्शन दिया।मनुष्य विचारशील प्राणी है, इसलिए विश्व में अपनी देशकाल परिस्थितियों के अनुरूप निरन्तर चिन्तन करता रहा है और इसीलिए पूरब से लेकर पश्चिम तक अनेक दार्शनिक विचारधाराएं प्रचलित हैं। भारतवर्ष में चार्वाक और यूरोप में कार्लमार्क्स के दार्शनिक विचार वैश्विक स्तर पर समाज में सर्वत्र सर्वाधिक व्यवहत हो रहे हैं किन्तु ये तथाकथित दर्शन सामाजिक समस्याओं के समाधान देने के स्थान पर सामाजिक संघर्ष की भीषण ज्वालाओं को भ?काने में ही अधिक व्यस्त मिलते हैं।

चार्वाक की निर्बाध भोगवादी दृष्टि शोषण की अनन्त श्रृंखला उत्पन्न करती है क्योंकि उसमें दान, दया, परोपकार के लिए कोई स्थान नहीं, वहां तो केवल अपने पोषण और स्वार्थसिद्धि के लिए ही मानव का पतन-पथ खुला है। चार्वाक दर्शन में श्रम और उत्पादन की प्रेरणा शून्य है जबकि औरों के श्रम पर आत्मपोषण की दृष्टि प्रधान है।विश्वस्तर पर भ्रष्टाचार और शोषण का अभिशाप इसी कथित दर्शन की देन हैं। कार्लमार्क्स की वर्गवादी जीवन दृष्टि भी समाज को पूंजीवादी और सर्वहारा वर्ग में बाँटकर समाज में हिंसक संघर्ष को ही उत्पन्न कर रही है। माओवाद, नक्सलवाद जैसे हिंसक संगठन भोले-भाले निर्दोष जनजीवन को क्षतविक्षत कर रहे हैं क्योंकि इनमें कहीं भी ‘सर्व% का भाव नहीं है। आदि शंकराचार्य का अद्वैत दर्शन इस दृष्टि से विशिष्ट है।शंकराचार्य संसार में सर्वत्र एक ही ईश्वरीय सत्ता का निर्देश कर मनुष्य को मनुष्य से ही नहीं प्रत्युत समस्त जीवजगत और वनस्पति जगत से भी जो? देते हैं।आज जिस %वायोडायवर्सिटी% के संरक्षण की बात वैज्ञानिक करते हैं उसकी मूल प्रेरणा शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में सन्निहित है, इसलिए लोक कल्याण की सिद्धि के लिए अद्वैत दर्शन सर्वथा विशिष्ट और शाश्वत महत्त्व का है।सभी प्राणियों में एक ही ब्रह्म की सत्ता का दर्शन कर अद्वैत वेदांत का निरुपण करने वाले आदिशंकराचार्य ने भारत को जिस सांस्कृतिक धरातल पर एक सूत्र में पिरोया वह युग-युगांतर के लिए उनका अद्भुत प्रदेय है।

एकात्म धाम की स्थापना आचार्य शंकर के महान व्यक्तित्व और कृतित्व के अनुरूप मप्र शासन का साकार कृतज्ञता ज्ञापन है। समाज शंकराचार्य जी के प्रति जिस श्रद्धा से समृद्ध है उसी का रूपाकार इस विराट प्रतिमा के भव्य लोकार्पण में आकार ले रहा है। म.प्र. गौरवान्वित है कि उसकी धरती पर आध्यात्मिक जगत की इस अप्रतिम विभूति ने ज्ञान प्राप्त कर राष्ट्र को एकात्मता के दिव्य भाव से भर दिया। भावी पी?ियां इस अपूर्व स्मारक का दर्शन कर युग-युगांतर तक शंकराचार्य जी के महान अवदान से परिचित होती रहेंगी। इस विश्वास के साथ इस विराट प्रतिमा का राष्ट्र को सादर समर्पण निश्चय ही भारतवर्ष के सांस्कृतिक जगत की महान एतिहासिक उपलब्धि है।

**साभार :** ये लेखक के अपने विचार हैं।

### सीएम हेल्पलाइन माईनिग ओर विधायक को शिकायत करने के बाद भी नही रुख रही है रेत की चोरी

# लोखर तलाई की मोरन नदी से दिनदहाड़े हो रही रेत की चोरी

**सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो**

सतपुड़ा की बाघन कहलाने वाली लोखर तलाई की मोरन नदी में इन दिनों दिनदहाड़े रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। जिसे देखने और सुनने वाला आज कोई नहीं है। ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन माइनिंग विभाग सहित क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा को भी लिखित में की गई है ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से विधायक को बताया कि मोरन नदी से अगर रेत खाली हो जाती है तो हम कीर समाज के लोग खानदानी ककड़ी तरबूज की बाड़ी इस नदी में लगाते चले आ रहे हैं। अगर रेत पूरी खत्म हो जाएगी तो हम लोग आने वाले समय में बाड़ी नहीं लगा पाएंगे जिसके कारण हमारे परिवार में भूखे मरने की नौबत आ सकती हैं।




लोखर तलाई की मेंन रोड पर बने पुल के नीचे की फोटो है जिस पर दिनभर प्रशासन के अधिकारी इस पुल से निकलते हैं।

## रेत के अवैध कारोबार से रास्ते हुए खराब

सड़कों पर बेलगाम दौड़ती रेत से भारी अवैध ट्रैक्टर ट्रालियों को दिन-रात देखा जा सकता है। लेकिन धृष्ट राज की तरह बैठा प्रशासन के सामने अंधी गति से दौड़ते ट्रैक्टर ट्रालियों ने सड़कों की हालत भी खराब कर दी है जिसके कारण कई गड्ढे हो चुके हैं ऐसा नहीं है कि इन ट्रैक्टर ट्रालियों से कोई दुर्घटना नहीं होती हो आज भी क्षेत्र के कई लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर मौत के मुंह में समा गए हैं या फिर अपाहिज होकर घर बैठे। ग्रामीणों ने कमिश्नर कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि लोखर तलाई की रेत उत्खनन का कार्य बंद करवाई जाए जिससे की हम लोग डांगरवाड़ी लगा कर हम अपना जीवन यापन कर सके।

विधायक को शिकायत करने के बाद भी मोरन नदी में अवैध रेत का उत्खनन दिनदहाड़े चल रहा है वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस लोखर तलाई के श्मशान घाट से रेत के उत्खनन से रास्ते पूरी तरह खराब हो गए हैं। वहीं रेत की भरी ट्राली निकल रही है कई बार इस बात की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी की गई है लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है।

यही नहीं माइनिंग विभाग को फोन करते हैं तो फोन नहीं उठाते हैं, ग्रामीणों ने बताया की अवैध रेत के उत्खनन करने वालों का कहना है कि हम हर महीने प्रति ट्राली 15000 रुपए की प्रति ट्राली एंट्री फीस सिवनी मालवा में जमा कर रहे हैं तो अब इस स्थिति में 50 ट्रैक्टर ट्रालियों से 15000 रुपए महीने के हिसाब से लिया जाता है तो 7 लाख 50 हजार की राशि कौन ले रहा है और किसके माध्यम से ले रहा है

जो एक जांच का विषय है की एंट्री फीस के नाम पर कौन पैसा ले रहा है। अंधी गति से दौड़ते हुए इन रेत के अवैध उत्खनन ट्रालियों को लोखर तलाई से सिवनी मालवा के बीच बाजार थाने के सामने प्रशासन की नजरों को मुंह चीडाते हुए यह लोग अवैध रेत का उत्खनन का कारोबार दिनरात चल रहा है।

जिसे ना तो सिवनी मालवा की पुलिस प्रशासन ना राजस्व प्रशासन और ना ही विधायक इस पर अंकुश लगा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किसी रोज रेत को रोकने के लिए कानून का डंडा हमें ही हाथ में लेना पड़ेगा जिसके लिए गांव में कोई बड़ी घटना भी घटित हो सकती है इसकी पूरी पूरी जवाबदारी शासन और प्रशासन की रहेगी।



# नवीन खादी ग्राम उद्योग एंपोरियम का हुआ शुभारंभ

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कोठी बाजार क्षेत्र में स्थित आरसीसी मॉल में नवीन खादी ग्राम उद्योग एंपोरियम का शुभारंभ किया गया है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त जितेंद्र लिटोरिया, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव,पीयूष शर्मा तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शुभारंभ अवसर पर श्री लिटोरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आज नर्मदापुरम में हमने इस एंपोरियम का शुभारंभ किया है, इसी प्रकार हमने प्रदेश के कुल चार स्थानों पर एंपोरियम खोलने का निर्णय लिया है और हमारा प्रयास है इसे और भी बढ़ाया जाए ताकि खादी के वस्त्रों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में कार्यरत कत्तिन, बुनकरों, अन्य कारीगरों एवं पी.एम.ई.जी.पी. योजनान्तर्गत वित्तपोषित इकाईयों से सम्बद्ध लोगों को सतत् रोजगार उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाए जाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कबीरा खादी एवं विंध्या वैली ब्रांड का संचालन किया जा रहा है.बोर्ड के कबीरा खादी ब्रांड के माध्यम से देश की धरोहर खादी को नए कलेवर तथा वर्तमान फैशन डिजायन के अनुरूप नवीन स्वरूप में आम-जन के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बोर्ड ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत प्रदेश की लगभग 110 इकाईयों द्वारा निर्मित विभिन्न दैनिक उपयोग में लाए जाने वाले उत्पाद जैसे अचार, पापड़, मुरब्बा, तेल, आटा, बेसन, दलिया आदि को विंध्या वैली ब्रांड के अंतर्गत आकर्षक पैकिंग तथा उच्च गुणवत्ता युक्त सामग्री के रूप में बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है।बोर्ड द्वारा इस अवसर पर कबीरा खादी ब्रांड के उत्पादों पर 20 + 10त्त तथा विंध्या वैली ब्रांड के उत्पादों पर 20प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है.

## परिवहन विभाग की हड़ताल खत्म



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पिछ्ले कुछ दिनों से प्रदेश भर में जारी परिवहन विभाग कर्मचारी अधिकारियों की हड़ताल परिवहन प्रमुख सचिव रघुवीर सिंह एवं परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा के साथ हड़ताल के संबंध में वल्लभ भवन में बैठक आयोजित की गई। जानकारी देते हुए परिवहन विभाग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम यादव ने बताया बैठक में लिपिक कर्मचारियों के संबंध में अधीक्षक से सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के पद पर पदोन्नति, वेतन विसंगति एवं लिपिक वर्ग से परिवहन उप निरीक्षक पर पर परीक्षा आयोजित करने के संबंध में सहमति बनी है। अतः सोमवार 25.09.2023 से हड़ताल खत्म कर पुनः सुचारू रूप से परिवहन कार्यालयों में शासकीय कार्य संपादित किया जावेगा। परिवहन विभाग अधिकारियों के साथ परिवहन विभाग के कर्मचारियों की हुई बैठक में प्रमुख सचिव एवं आयुक्त परिवहन के अलावा नर्मदापुरम आरटीओ निशा चौहान, छिंदवाड़ा आरटीओ मनोज तेहनगुरिया सहित आरटीओ सहायक आरटीओ निरिक्षक तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सोमवार से शुरू होगा परिवहन विभाग में कामकाज**

**परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की हड़ताल खत्म**

## स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत हासलपुर घाट पर किया

### जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

समीपस्थ ग्राम पंचायत पर्रादहे के ग्राम हासलपुर में नर्मदाघाट पर श्रमदान किया गया साथ ही स्वच्छता संवाद एवं मतदाता जागरूकता पर भी चर्चा की गई। जिसमें जन प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीणों ने भागीदारी की। श्रमदान के बाद सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम में जिला स्तर से जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुश्री प्रीति वरकड़े उपस्थित रही वहीं विकास खण्ड स्तर से सीईओ हेमंत सूत्रकार, ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर एवं सहायक लेखा अधिकारी महेश दुबे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में सभी ने श्रमदान किया जिसमें नर्मदा घाट पर साफ सफाई की। इसके बाद स्वच्छता संवाद का कार्यक्रम किया गया जिसमें जन प्रतिनिधि एवं





अधिकारियों के द्वारा स्वच्छता पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम ग्राम के पूर्व जनपद सदस्य रामेश्वर मीना के द्वारा स्वच्छता पर चर्चा की आपने ग्राम को स्वच्छ बनाने हेतु समझाईश दी आपने कहा कि हमारे ग्राम में लोग स्वेच्छा से ही श्रमदान कर घाट पर साफ सफाई रखते हैं। पूर्व सरपंच कन्हैया लाल वर्मा के द्वारा ग्राम में हो रहे विकास कार्यो के बारे में बताया आपने कहा कि यह ग्राम पंचायत पिछ्ले कार्यकाल में ओडीएफ हो गई थी एवं इस कार्यकाल में ओडीएफ प्लस हो गई है। हमारी पंचायत निरंतर विकास कर रही है एवं इसी प्रकार विकास की निरंतरता को बनाये रखना है। जिला समन्वयक सुश्री प्रीति वरकड़े के द्वारा बताया गया कि हमें गांव को सुंदर बनाना है तो सबसे पहले स्वयं की स्वच्छता करें फिर परिवार की और फिर ग्राम की तभी हमारा ग्राम स्वच्छ होगा। जनपद पंचायत के जनपद सदस्य कमल सिंह यादव के द्वारा कहा गया कि हमारा ग्राम निरंतर विकास कर रहा है यदि आप सभी का इसी प्रकार सहयोग मिलते रहा तो निश्चित ही हम एक दिन प्रदेश स्तर पर अव्वल दर्जा प्राप्त करेंगे। अंत में हेमंत सूत्रकार सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम ने स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि इस ग्राम में नाडेप एवं लीच पिट बने हैं जिससे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन किया जा रहा है बस आप सभी को गीले एवं सूखे कचरे का व्यवस्थित निपटान करना है जिससे कि पूरे गांव में आते ही सफाई नजर आये। कार्यक्रम में ग्राम में स्वच्छता का अच्छा कार्य कर रहे छोटे लाल वर्मा को सम्मानित किया एवं ग्राम के बीएलओ दीपक वर्मा एवं नंदकिशोर चौधरी को भी मतदाता जागरूकता का अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया।

सीईओ सूत्रकार के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह, वालिंटर्स को आगामी विधान सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने के लिये कहा गया। आपने खतों में निर्माण साईड एवं वेयर हाउस इत्यादि में कार्य करने वाले मजदूरों को भी मतदान करने हेतु छुटटी देने की अपील ।इसके बाद सभी को जनपद सदस्य कमल सिंह यादव के द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संचालन रामकुमार गौर एवं आभार राजेन्द्र मीना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सचिव प्रभूदयाल तिवारी, ग्राम के राजेन्द्र यादव गोलन, बाल किशन मीना, नरेन्द्र सराठे, राकेश गुप्ता ज्ञानसिंह मीना सहित लगभग 50 ग्रामीण उपस्थित रहे।



## पटवारियों के धरना स्थल पर पहुंचे विधायक व पूर्व विधायक

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

अपनी मांगो को लेकर विगत 25 दिनों से पटवारी संघ तहसील कार्यालय में हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनकी मांग है कि हम विगत 20 सालों से अपनी मांगे शासन प्रशासन के सामने रख रहे हैं लेकिन हमारी मांग आज तक पूरी नहीं हुई शुक्रवार को धरना स्थल पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मृगेंद्र सिंह मंडलोई रघुवीर राजपूत



जिला मंडल अध्यक्ष तुलसीराम यदुवंशी जनपद सदस्य अधिवक्ता कैलाश मालवीय द्वारा धरना स्थल पर उपस्थित होकर न्यायोचित मांगो के संबंध में मुख्यमंत्री जी से बात कर निराकरण की बात कही। वही कांग्रेस के पूर्व विधायक ओम रघुवंशी भी पटवारी संघ शाखा सिवनी मालवा के धरना स्थल पर पहुंचकर पटवारियों की न्यायोचित मांगो का पूर्ण पुरजोर समर्थन किया।

**मेट्रो एंकर** जिले में रोजगार दिवस मनाया गया,विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का किया गया लोकार्पण

# शासन की योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

उज्जैन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में राज्य क्लस्टर, औद्योगिक क्षेत्रों व इकाईयों का भूमि पूजन, लोकार्पण एवं राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इसी अनुक्रम में नर्मदापुरम जिले में भी रोजगार दिवस का आयोजन राष्ट्रीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष पियूष शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नर्मदापुरम कैलाश माल ने बताया कि इस अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र किशनपुरा में 344.44 लाख रूपए के विकास कार्य एवं 13 औद्योगिक इकाईयों का लोकार्पण किया गया, जिसमें इकाईयों द्वारा 111.75 करो? रूपए की पूँजी का निवेश किया है तथा इसमें 175 व्यक्तियों को रोजगार



प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया है कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं में 24 अगस्त 2023 के पश्चात अभी तक 2280 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें 15.87 करोड़ रूपए का बैंक के माध्यम से वित्तीय लाभ प्रदान किया गया है।

निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में भी 243 बेरोजगार युवक/ युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से भगवान बिरसा मुंडा योजना के तहत किशन धुर्वे को 1 लाख 80 हजार रूपए, संत रविदास योजना के तहत गौरव तेलंग को 7 लाख रूपए, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वस्त्र निर्माण के लिए श्रीमती मधु मिश्रा को 10 लाख रूपए, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शारदा स्व सहायता समूह को 6 लाख रूपए एवं सत्यम आजीविका स्वसहायता समूह को 5 लाख रूपए का हित लाभ वितरित किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के योगेन्द्र सेठा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सेडमैप पंकज कुमार ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रबंधक गुंजन जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं स्वरोजगार योजना के लाभान्वित हितग्राही उपस्थित रहे।



### सर्व सुविधा युक्त बनेगा मार्केट, सड़क भी होगी चौड़ी पार्किंग की व्यवस्था भी होगी व्यवस्था

# पीपीओ मॉडल पर मार्केट बनाने के लिए परिषद की हुई बैठक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शासन के द्वारा पी पी औ मॉडल पर सर्वसुविधाजनक मार्केट स्थापित करने के लिए कार्रवाई के लिए पत्र जारी हुआ है। इसको अमली जामा पहनाने के लिए शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की बैठक हुई जहां पर इस विषय को लेकर चर्चा की गई सीएमओ ने बताया कि पुराने मार्केट को चौड़ा करके वहां पर पो मॉडल पर मार्केट बनाने के लिए साथ में स्तर से पत्र जारी हुआ है उसके अनुसार कम करने के लिए हमें प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजना है जिस पर परिषद की मुहर लगेगी तभी आगे कार्रवाई होगी अभी पुराने कोर्ट गेट एरिया से लेकर जनपद कार्यालय तक है सभी दुकानों को तोड़कर यहां पर सड़क को चौड़ीकरण के पीछे बनाम जाएगा कोर्ट गेट व पुराने ,एसडीओ ऑफिस,जनपद निवास आदि क्षेत्र में सभी तरह की दुकानों के लिए दुकान स्थापित की जाएगी, पार्किंग व्यवस्था भी होगी जिनकी दुकान पहले से हैं उनको यहां पर दुकाने पहले बना कर दी जाएगी जिसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयंत वर्मा की मौजूदगी में सभी पार्षदों ने अपनी-अपने विचार भी व्यक्त किये इस मुद्दे को लेकर सभी ने कहा कि यदि शहर के विकास के लिए ऐसा होता है तो हम लोग तैयार हैं। दूसरी ओर कांग्रेस पार्षद नदीम खान ने कहा कि जो सड़क बनाई जा रहे उनकी गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। घटिया काम करने वाले ठेकेदारों पर भी कार्रवाई हो जांच नहीं करने वाले इंजीनियरों पर भी सवाल खड़े किए गए जिस पर सीएमओ ने कहा कि हम जांच करवाते हैं उसके बाद ही भुगतान करेंगे घटिया काम बर्दाश्त नहीं करेंगे।



ठेके पर कर्मचारी रखने को लेकर हुई नोकझोंक

### ठेके पर कर्मचारी रखने को लेकर हुई गरमा-गरम बहस

वहीं परिषद की बैठक में एक बार फिर हंगामा के हालात निर्मित हुई गया। कांग्रेस पार्षद नदीम खान आदि ने कहा कि ठेके पर जिन कर्मचारियों को रखकर हर महीने भुगतान दिया जा रहा है। उनके नाम बताया जाए काफी देर की कसम कस के बाद कर्मचारियों के नाम का खुलासा हुआ पहले तो उनके नाम नहीं बताया जा रहा है इनमें से कई ऐसे नाम भी चौंकाने वाले आए हैं जो कभी गेती फावड़े आदि चलाने का काम नहीं करते हैं फिर भी उनके नाम पर भुगतान ठेकेदार को किया जा रहा है। इसको लेकर कई पार्षदों ने जिम्मेदारों पर सावल खड़ किए । हाथी एक व्यक्ति तो नगर पालिका के जनप्रतिनिधि के यहां पर सेवाएं दे रहा है उसको भी ठेकेदार ने अपने यहां पर काम करने के लिए कर्मचारी बताया है इस बात को लेकर बहस की स्थिति में निर्मित हुई एक दिन पहले ही नगर पालिका की बैठक में जमकर हंगामा हुआ था इसी बीच चंद्र मिनट में बिना चर्चा के ही सभी प्रस्तावों को पास कर दिया था इस समय नगर पालिका में नियमों को दरकिनार करते हुए काम किया जा रहे हैं।



## मऊ में वन विभाग की टीम ने की छापामार करवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को वन विभाग की टीम को मुखबिर के द्वारा ग्राम महू में अवैध रूप से सागौन लाकर फर्नीचर बनाने का काम किया जा रहा है। कार्रवाई करने के लिए बन बिभाग एसडीओ सौरभ कुमार कवार,वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम , संबंधित के क्षेत्र के नाकेदार बन कर्मियों के साथ गांव में पहुंचकर सरवर खान के घर के अंदर जाकर खोजबीन की तो वहां से अवैध रूप से सागौन की लकड़ी रखी हुई मिली साथ ही मौके से बने हुए 4 पाय भी मिले हैं। इसके बाद टीम कीमती लकड़ी को जप्त करके अपने साथ लेकर आई वन परीक्षित अधिकारी देवेश गौतम

### 15 हजार कीमत की सागौन को किया जप्त

ने बताया कि सूचना मिलने पर ग्राम मऊ में सरबर खान के घर से सागौन मिली है।जिसकी लगभग कीमत 15000 के करीब है ।इनके द्वारा अवैध रूप से लाकर फर्नीचर बनाने का काम किया जा रहा था ,अभी प्रारंभ रूप से जानकारी मैं प्रतीत हो रहा है। कार्रवाई चल रही है सच्चाई जांच के उपरांत की सामने आएगी बना अधिनियम 1927 आदि की धाराओं के तहत प्रकरण भी पंजीकृत करके आगे की कार्रवाई एसडीओ फॉरेस्ट के मार्गदर्शन में की जा रही है।

## आबकारी टीम ने अवैध रूप से देसी शराब वालों पर छापा मारा कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा चुनाव से पहले वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आबकारी विभाग के द्वारा अवैध रूप से शराब बनाने वाले बेचने वालों पर छापामार कार्रवाई की जा रही इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के अधिकारियों के साथ आई टीम ने अवैध रुप से देसी शराब बनाने वालों के यहां छापा मार कार्रवाई करते हुए 84000 के करीब कि शराब को नष्ट किया। दोपहर के बाद आबकारी विभाग की जिले की टीम आई जिसमें स्थानीय अधिकारियो भी मोजूद थे। आबकारी निरीक्षक पुष्पेंद्र ठाकुर ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम लिए कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन एवम सहायक जिला आबकारी अधिकारी राहुल कुमार ढोके मुकेश मौर्य के साथ ग्राम मदागंज झंडवा भोरिया, सुखताल, वजीरपुर टपरे पर से सामूहिक दविश देकर 5 लोगों पर प्रकरणो बनाए हैं। वहीं 8-28 बल्क लीटर विदेशी मदिरा 45 लीटर हाथभट्टी मदिरा व 700 किलो लहान जप्त बरामद की हैं। ओर धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया। जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 83600 रुपये आंकलित किया गया है। अवैध मदिरा के विरुद्ध



84 हजार देसी, विदेशी मदिरा को किया जप्त

## श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में हुई कींगड़ी गायन की प्रस्तुति

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



श्री गणेश मंदिर गणेश की अथॉई पर चल रहे दस दिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में गुरूवार को रात्रि में केवट समाज द्वारा देर रात्रि तक क्षेत्रीय लोककला एवं नृत्यों पर आधारित कींगड़ी गायन की प्रस्तुति दी जावेगी। इस अवसर सर्वसेवा केवट समाज के प्रमुख परमानंद केवट एवं रामप्रसाद केवट की मंडली के कलाकारों ने आकर्षक नृत्यों के आधार पर धार्मिक एवं क्षेत्रीय गीतों यढिमरायाई )की मनोरम प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश बंदना के साथ हुआ। देर रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में केवट के समाज कलाकारों ने अपने देशी वाद्ययंत्र सारंगी, खंजड़ी, बॉसुरी आदि के द्वारा उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। इस दौरान उन्होंने डीमर घर बालक जन्मे, पार्वती के सैंया मैं देख आई आदि एक से बढ़कर एक क्षेत्रीय गीतों की मधुर प्रस्तुतियाँ दी। इससे पूर्व समिति सदस्यों ने मंडली के कलाकारों एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरोसिंह कुमी का स्वागत किया।

आज होगा श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ - श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में चल रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के क्रम में आज दोपहर में श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की रामायण एवं सुन्दरकांड पाठ मंडलियों द्वारा संगीतमय रामचरित मानस का पाठ किया जावेगा। श्री अखंड रामायण पाठ का समापन रविवार को रात्रि में होगा। समिति सदस्यों ने इस अवसर पर नगर के सभी सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से पधारने का आग्रह किया है।





## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

भाजपा युवा मोर्चा ने कुसुम महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में पूरे प्रदेश मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अन्तर्गत युवा मोर्चा द्वारा ब्लड डोनेट कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अवसर पर

युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक माला विधायक प्रेम शंकर वर्मा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मृगेंद्र मंडलोई वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र पालीवाल पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक विशाल सिंह बघेल नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा युवा मोर्चा जिला महामंत्री नीरज तिवारी प्रभारी सूरज मिश्रा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष कल्लू राठौर महामंत्री शिवम गौर अभी मिश्रा उपाध्यक्ष सुजीत यदुवंशी अभिषेक शुक्ला विकास सोनी शैलेंद्र सुनानिया हरिओम कोरी अतुल बकोरिया नगर मंत्री देव उरिया द्रविड़ पांडे मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सह सोशल मीडिया प्रभारी नितिन कुशवाहा नीति एबं शोध प्रभारी अमरेंद्र श्रोती सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारि एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया और नव युवाओं से से रक्तदान करवाया।

## दोनों सदनों में महिला बिल पास होने पर जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष सीईओ का किया सम्मान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

केंद्र सरकार के द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिषत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदना बिल लोकसभा , राज्यसभा में पारित हो गया है। इसके बाद महिलाओं को लोकसभा , एवं विधानसभा में इनकी भागीदारी बढ़ेगी इसके उपलक्ष्य में शुक्रवार को जनपद कार्यालय में संचार संकर्म समिति के जनपद सदस्यों ने महिला आरक्षण विधेयक दोनों सदनों में पास होने पर समिति द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया एवं उपस्थित समिति सदस्यों ने नारी शक्ति जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा देवी हमीर सिंह यादव जनपद सीईओ वंदना शर्मा आदि का महिला सदस्यों का शाल श्रीफल पगड़ी बांध कर महिलाओं का सम्मान किया गया।

## करंट लगने से युवक की हुई मौत पानी की टंकी पर कार्य करवाने ठेकेदार ले गया था

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को ग्राम कस्ताबाल में पानी की टंकी पर काम करते समय करंट लगने से इमलानी निवासी नरेंद राजपूत उम्र 30 साल की मृत्यु हो गई। शॉर्ट लगने के बाद वहां गिर गया इसके बाद उसको शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय सिरोंज लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत्य घोषित कर दिया परिजन भी मौके पर पहुंचे उनका आरोप है कि ठेकेदार ने लापरवाही से काम करवाया इसकी वजह से हमारे लड़के की मृत्यु हुई है। इसकी जांच होनी चाहिए पानी की टंकी पर बिजली लाइन से कम बगैर परमिट के करवाया गया ऐसी जानकारी भी सामने आ रही है। इसकी वजह से हाई टेंशन लाइन का करंट लगने से मृत्यु हुई है। वही पथरिया पुलिस के द्वारा मार्ग का प्रकरण दर्ज करके मामले की विवेचना की जा रही है। इस तरह की लापरवाही पहले भी सामने आ चुकी हैं। कई निजी ठेकेदारों के द्वारा बगैर परमिट के काम करवाया जाता है। इस दौरन जरा सी चूक होने पर करंट लग जाता है। तो इस तरह के

## मण्डीदीप में जिला स्तरीय अप्रेन्टिसशिप मेला 25 को

**रायसेन।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडीदीप ग्राम मेंदुआ भोजपुर रोड रायसेन में 25 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिशिप मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इस मेले में जिले एवं प्रदेश स्तर की कंपनियों द्वारा अभ्यार्थियों का चयन कर प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस मेले में प्रॉक्टर एंड गैंबल(मंडीदीप), सागर यार्न्स तामोट, आयशर एवं अन्य प्रतिष्ठान शामिल होंगे।

## मतदाताओं को बताई जा रही है ईवीएम से वोट करने की प्रक्रिया

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही मतदान केन्द्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन कर मतदाताओं को वोट डालने की प्रक्रिया बताई जा रही है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय में ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है मतदान करने की प्रक्रिया समझाते हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** | मामला लटेरी तहसील के महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी केंद्र का

## परियोजना अधिकारियों की मनमानी के चलते आंगनवाड़ी केंद्रों में लटके मिले ताले

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में जहां कई जगह आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर नए आयाम बना रही हैं तो वहीं अनेकों जगह आंगनबाड़ी केंद्र सरकार की मेहरबानी और नेक दिली का नाजायज फायदा उठाते हुए नजर आ रहे हैं मामला विदिशा जिले की लटेरी तहसील के महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी केंद्र ग्राम सौजना और आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम टोंकरा का जहां दोनों ही आंगनबाड़ी केंद्र दिन के 11रू 30,तक दोनों ही आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लगा मिला जहां कोई भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित नही थी ग्रामीणों बताया कि कभी आंगनबाड़ी खुलती है और कभी नही भी खुलती आज अभी तक नई खुली है ग्राम सौजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र ना खोलने के सवाल पर बोला गया की आज गलती हो गई है माफकर दो जबकि यही हाल दूसरी आंगनबाड़ी केंद्र टोंकरा का था जहां कार्यकर्ता सहायिका जो अपने कार्यस्थल से नदारद दिखाई दी। जहां प्रदेश सरकार के संवेदनशील मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में जहां आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यों की सराहना करते हुए उनके मानदेय में भारी बढ़ोतरी की है

### मुफ्त की तनख्वाह ले रहे हैं



तो वहीं इसका बदला कुछ आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ता मुफ्त की तनख्वाह लेकर अपने कार्य स्थल से नदारद नजर जा रहे हैं। एवं इन केंद्रों में ताले लटके मिल रहे हैं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कोई अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों को कभी चेक नहीं करता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अपनी मर्जी से अपने समय पर कभी केंद्र खोलती हैं कभी नहीं खोलती परियोजना अधिकारी का जनपद लटेरी के पास में ऑफिस है एवं वह अपनी मर्जी की मालिक हैं कभी दफ्तर आती हैं और खुद कभी दफ्तर में भी नहीं आती शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है पर आंगनवाड़ी सहायिका और कार्यकर्ता योजनाओं को चूना लगा रहे हैं सामग्री आंगनवाड़ी में आती है वाटी नहीं जाती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मनमानी को लेकर परियोजना अधिकारी पर महिला बाल विकास द्वारा किस प्रकार अंकुश लगाया जा सकता है और बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति खिलवाड़ करने वालों पर क्या कार्रवाई होगी।

## जिले में अब तक 1114.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 4.2 मिलीमीटर बरसात





**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

जिले में 01 जून 2023 से 22 सितम्बर 2023 तक 1114.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 444.5 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 22 सितम्बर 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 894.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1287.2, बेगमगंज में 1141.5, सिलवानी में 1000.6, गौहरगंज में 850, बरेली में 1506.8 उदयपुरा में 1308, बाड़ी में 976.5, सुल्तानपुर में 933.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1243 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में 4.2 मिलीमीटर औसत वर्षा जिले में बीते 24 घंटे में 22 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 4.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 3.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 0, सिलवानी में 0, गौहरगंज में 0, बरेली में 02, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 36, सुल्तानपुर में 0.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ऑस्ट्रेलिया को हराकर वनडे रैंकिंग में पहले पर आया; दूसरा मुकाबला 24 सितंबर को इंदौर में

# दो में से एक वनडे जीतने पर भी टॉप पर रहेगा भारत

## भारत तीनों फॉर्मेट में नंबर-वन बनने वाली दूसरी ही टीम बनी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टीम इंडिया ने पहली बार क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक अचीव की है। भारतीय टीम ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। इस जीत से टीम इंडिया पाकिस्तान को पीछे छोड़कर वनडे रैंकिंग में भी नंबर-1 बन गई। टीम टेस्ट और टी-20 की टीम रैंकिंग में पहले से नंबर-1 है। भारत तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने वाली दूसरी ही टीम बनी। भारत से पहले साउथ अफ्रीका टीम अगस्त 2012 में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनी थी।

### भारतीय टीम टी-20, टेस्ट में पहले से टॉप पर

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 24 सितंबर को इंदौर और तीसरा मुकाबला 27 सितंबर को राजकोट में खेला जाएगा। आखिरी 2 में से एक भी मुकाबला जीतने पर टीम इंडिया वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर ही रहेगी। इस सिचुएशन में भारत के 116 और पाकिस्तान के 115 पॉइंट्स होंगे। अगर भारत आखिरी दोनों वनडे जीतने में कामयाब हो जाता है, तो टीम पहले नंबर पर अपनी स्थिति और मजबूत कर लेगी। 3-0 से वनडे सीरीज जीतने पर भारत के 118 पॉइंट्स होंगे, जबकि पाकिस्तान 115 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर ही रहेगा। इस कंडीशन में ऑस्ट्रेलिया 109 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर रहेगा।



### टेस्ट और टी-20 में पहले से नंबर-1 है भारत

टीम इंडिया वनडे के साथ टेस्ट और टी-20 दोनों फॉर्मेट में पहले से नंबर-1 पर ही है। टी-20 में टीम के 264 पॉइंट्स है, इस फॉर्मेट में 261 पॉइंट्स के साथ इंग्लैंड दूसरे नंबर पर है। टेस्ट में टीम इंडिया 118 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर है। इस फॉर्मेट की ढ्ढष्टष्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया टीम के भी 118 पॉइंट्स हैं, लेकिन टीम डेसिमल काउंटिंग में भारत से पीछे होने के कारण दूसरे नंबर पर है। टीम इंडिया इस साल फरवरी में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बन चुकी है, लेकिन वह ढ्ढष्टष्ट की गलती से हुआ था। काउंसिल ने चंद घंटों में अपनी गलती सुधार ली थी। टीम इंडिया ऑफिशियली पहली बार ही तीनों फॉर्मेट में एक साथ नंबर-1 बनी है। साउथ अफ्रीका टीम अगस्त 2012 में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनी थी। तब ग्रीम स्मिथ की टीम के कप्तान थे, टीम ने टेस्ट में नंबर-1 बनने के साथ यह अचीवमेंट हासिल की थी। टीम वनडे और टी-20 में पहले से नंबर-1 थी।

### वर्ल्ड कप के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जर्सी लॉन्च की




**मुंबई, एजेंसी**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए जर्सी लॉन्च कर दी है। जर्सी के किनारे पर फेमस डिजाइनर आंटी फियोना क्लार्क की डिजाइन की गई फर्स्ट नेशंस कलाकृति को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम वर्ल्ड कप में पीले रंग की ही जर्सी में ही नजर आएगी। जर्सी में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप की जर्सी का वीडियो अपने सोशल एकाउंट पर पोस्ट किया। इस वीडियो में मैक्सवेल नई जर्सी में नजर आ रहे हैं। उन्होंने निजी तौर पर 1999 वर्ल्ड कप की जर्सी को बेस्ट बताया है।

#### टी-20 में हरे में नजर आएगी कंगारू टीम

वर्ल्ड कप की जर्सी से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2023-24 सीजन के लिए भी तीनों फार्मेट की नई किट भी जारी की है। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम इस सीजन के टी-20 मैच में ब्लैक की जगह हरे रंग की ड्रेस में नजर आएगी। महिलाओं और पुरुषों टीमों के लिए अलग-अलग किट तैयार की गई है। दोनों की जर्सी में कुछ छोटे-छोटे बदलाव किए गए हैं। पुरुषों की टी-20 जर्सी में कॉलर नहीं रखा गया है, जबकि महिलाओं की जर्सी में कॉलर को शामिल किया गया है। पुरुषों की जर्सी के लिए अभी किसी को स्पॉन्सर नहीं बनाया गया है। महिलाओं के लिए कॉमनवेल्थ बैंक ही स्पॉन्सर है। ऑस्टेलिया भारत के खिलाफ 8 अक्टूबर को अहमदाबाद में अपना मैच खेलकर टूर्नामेंट में अपने सफर की शुरुआत करेगा।

### एशियन गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी आज

## मेंस क्रिकेट का फाइनल सात अक्टूबर को

**हांगझोऊ, एजेंसी**

एशियन गेम्स के 19वें एडिशन की शुरुआत आज से चीन के हांगझोउ में हो रही। ओपनिंग सेरेमनी आज भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से शुरू होगी। मेंस हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और बॉक्सर लवलीन बोरगोहेन तिरंगा लेकर इंडियन टीम को लीड करेंगे। उन्नीसवें एशियन गेम्स में भारत के 655 प्लेयर्स 40 स्पोर्ट्स में हिस्सा लेंगे। 40 स्पोर्ट्स में 481 प्रतियोगिताएं होंगी।



#### नीरज 4 अक्टूबर को मैदान में उतरेंगे

मेंस और विमेंस भारतीय क्रिकेट टीम पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा ले रही हैं। ट्रैक एंड फील्ड में सबसे ज्यादा 68 एथलीट्स उतर रहे। जेवलिन थ्रो के ओलिंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा एशियन गेम्स में भारत की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। 25 साल के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन ने पिछले एशियन गेम्स में गोल्ड जीता था। वह 4 अक्टूबर को अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।

## पाकिस्तान वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड की टीम से भिड़ेगा

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान को वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। वहीं दूसरा प्रैक्टिस इसी ग्राउंड पर 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से भारत में होना है। पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होना है। पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। पाकिस्तान टीम ने टीम इंडिया के साथ वनडे और टी-20 की बाइलैटरल सीरीज के लिए 2012-13 में भारत का दौरा किया था। उसके बाद दोनों टीमों ने बाइलैटरल सीरीज के लिए एक-दूसरे देश के दौरा नहीं किया है। 25 दिसंबर 2012 और 6 जनवरी 2013 के बीच भारतीय दौरे पर आई पाकिस्तान ने तीन वनडे और 2 टी-20 मैचों की सीरीज खेली थी। हालांकि, पाकिस्तान टीम 2016 में वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय दौरे पर आई थी। वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पाकिस्तान का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को हैदराबाद के उप्पल मैदान पर नीदरलैंड से होगा।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## मैं और शाहरुख सहमति से अलग हुए- फरहान

फरहान अख्तर ने हाल ही में फिल्म 'डॉन 3' की अनाउंसमेंट की है। फिल्म में रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करते नजर आएंगे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इस रिप्लेसमेंट पर बात करते हुए फरहान ने कहा कि वो और शाहरुख इस फिल्म की स्टोरी पर सहमत नहीं थे। एक इंटरव्यू में फरहान ने कहा कि वो डॉन-3 की कहानी को एक दिशा देना चाहते थे। हालांकि इसकी कहानी पर वो और इस सीरीज के पिछले दो पार्ट में लीड एक्टर रहे शाहरुख खान सहमत नहीं थे। यही वजह रही कि फरहान ने फिल्म से शाहरुख को हटाकर रणवीर के साथ काम करने का फैसला किया। शाहरुख और फरहान ने 2006 और 2011 में रिलीज हुईं डॉन सीरीज की दो फिल्मों पर साथ काम किया है।




#### फरहान ने रणवीर को बताया था बेस्ट

फरहान ने कहा, 'मैं इस पोजिशन में हूं ही नहीं कि किसी को रिप्लेस कर सकूं। हम सालों से इन चीजों पर चर्चा कर रहे थे। मैं स्टोरी को जिस डायरेक्शन में ले जाना चाहता था उस पर मैं और शाहरुख सहमत नहीं थे। इसके बाद हमने आपस में बात करके अलग होने का फैसला किया। हमें लगा कि इस सीरीज के लिए यही बेहतर होगा।' इस फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करने को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। इससे पहले एक इंटरव्यू में फरहान ने रणवीर की साइड लेते हुए उन्हें सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा था कि रणवीर कमाल हैं और इस पार्ट के लिए बेस्ट हैं। वो भी आप लोगों की तरह ही एक्साइटेड और नर्वस है। वो इस किरदार में फिट होने की कोशिश कर रहा है।

## कृष्णा श्रॉफ- वैलनेस और ब्यूटी ब्रांड्स की पहली पसंद!

वैलनेस, ब्यूटी और फिटनेस की दुनिया में एक नाम जो स्थायी रूप से छाप छोड़ रहा है वह है कृष्णा श्रॉफ। हेल्थ और ब्यूटी को बढ़ावा देने वाले ब्रांडों के लिए कृष्णा सर्वश्रेष्ठ पसंद बनकर उभरीं हैं। उन्होंने न केवल हेल्थ और ब्यूटी के मानकों को फिर से परिभाषित किया है बल्कि इंडस्ट्री में अपनी अनूठी जगह भी बनाई है। कृष्णा एमएमए मैट्रिक्स भी चलाती हैं, जो सिर्फ एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं यह एक ऐसी जगह है, जहां सभी उम्र और फिटनेस स्तर के लोग अपनी आंतरिक शक्ति और लचीलेपन को विकसित कर सकते हैं। एमएमए के अलावा यह सर्वश्रेष्ठ वेट लिफ्टिंग और कार्डियो इक्विपमेंट्स प्रदान करता है, जो हर किसी के लिए अपने फिटनेस गोल्स को प्राप्त करने के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन जाता है।



## नाना-विवेक से मेरा कोई लेना देना नहीं: तनुश्री

एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने एक बार फिर से नाना पाटेकर पर निशाना साधा है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नाना के बारे में सवाल पूछे जाने पर पहले तो एक्ट्रेस ने उनके बारे में बात करने से मना कर दिया पर फिर उन पर खूब तंज कसे। तनुश्री से एक रिपोर्टर ने पूछा कि जिन लोगों ने आपका करियर खराब किया। इस पर तनुश्री ने बीच में ही टोकते हुए कहा, 'हम उनके बारे में बात क्यों कर रहे हैं? नाना पाटेकर और विवेक अग्निहोत्री जैसे लोगों से अब मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं उनके बारे में बात करके उन्हें पब्लिसिटी नहीं देना चाहती।' तनुश्री दत्ता की आखिरी फिल्म 2010 में रिलीज हुई अपार्टमेंट थी। इसके बाद वे किसी प्रोजेक्ट में नजर नहीं आईं।



#### 2008 में भी अपनी फिल्म नहीं बेच पा रहे थे

हालांकि, इतना बोलने के बाद भी एक्ट्रेस ने दोनों सेलेब्स के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'आज भी उन लोगों को अपनी फिल्म चलाने के लिए मेरे नाम की जरूरत है। यहां तक की 2008 में जब मेरी नाना पाटेकर के साथ बहस हुई थी तब भी उनकी फिल्म बिक नहीं रही थी। जब ये लोग अपनी फिल्म नहीं बेच पाए तो मेरे पास आए और मुझसे कैमियो करने के लिए कहा। आज भी वो चाहते हैं कि मैं उनके बारे में कुछ बोलूं और उनका प्रमोशन हो जाए।' इसके बाद तनुश्री ने इस मीडिया इंटरैक्शन में नाना पाटेकर और विवेक अग्निहोत्री से जुड़े किसी और सवाल का जवाब नहीं दिया। वहीं जब उन्हें बताया गया कि विवेक की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को हाल ही में नेशनल अवॉर्ड मिला है तो वो कंधे उचकाकर निकल गईं। फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के मेकर्स ने तनुश्री को हटाकर राखी सावंत को कास्ट कर लिया था। फिल्म हॉर्न ओके प्लीज के मेकर्स ने तनुश्री को हटाकर राखी सावंत को कास्ट कर लिया



**मेट्रो बाजार**

## इस बार बीते साल से ज्यादा खर्च करेंगे 70 फीसदी लोग

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इस त्योहारी सीजन में कंज्यूमर स्पेंडिंग के बढ़ने की उम्मीद है। डेलॉयट ने कंज्यूमरसिग्नल्स नाम की रिसर्च में बताया कि उसके सर्वे में शामिल 56 फीसदी लोग फेस्टिव सीजन में एक्स्ट्रा खर्च करने के लिए तैयार हैं। ग्लोबल टेक फर्म द ट्रेड डेस्क की हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, 70 फीसदी भारतीय त्योहारों के सीजन में खर्च बढ़ाने के लिए तैयार हैं। ऐसे लोग पिछले साल के मुकाबले 35 फीसदी ज्यादा हैं। इस उत्साह की वजह ये है कि सर्वे में शामिल 53 फीसदी लोगों की माली हालत सुधरी है। कस्टमर्स इस दौरान उत्सव और लग्जरी की वस्तुओं की खरीददारी ज्यादा करेंगे। इसके अलावा इस शॉर्ट टर्म (फेस्टिव सीजन) में कपड़े, पर्सनल केयर, सजावट के सामान और एंटरटेनमेंट की वस्तुओं की बिक्री ज्यादा होगी। साथ ही डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट बुकिंग में बढ़ोतरी से पता चलता है कि लोग घूमने पर भी ज्यादा खर्च करेंगे। इन सब से कंज्यूमर एस्पेंडिंग में अच्छी बढ़ोतरी होगी।



डेलॉयट के पार्टनर और कंज्यूमर इंडस्ट्री लीडर राजीव सिंह ने कहा कि भारतीय इकोनॉमी की पॉजिटिव ग्रोथ के चलते लोगों में प्रीमियम और लग्जरी वस्तुओं पर खर्च करने की आदत बढ़ी है। उन्होंने बताया कि जरूरत के खर्चे से लग्जरी खर्चे की ओर कस्टमर्स का यह शिफ्ट कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी तक बढ़ गया है। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों के रिटेल, ऑटोमोटिव, ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी जैसे सेक्टर्स जुड़े लोगों को फायदा मिलेगा।

## टेक्नो का फेन्टम वी फ्लिप 5 जी स्मार्टफोन लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेक कंपनी टेक्नो को अपना फेन्टम वी फ्लिप 5 जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। इसमें 64 मेगापिक्सल का कैमरा और 4000 mAh की बैटरी दी गई है। इंडियन मार्केट में कंपनी का ये दूसरा मुड़ने वाला स्मार्टफोन है। इससे पहले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में फेन्टम वी फोल्ड लॉन्च किया था। टेक्नो फेन्टम वी फ्लिप को सर्कुलर कवर डिस्प्ले के साथ पेश किया गया है। कंपनी ने इसे सिंगल वैरिएंट- 16त्नक्रैम और 256त्नक्रस्टोरेज के साथ 49,999 रुपए कीमत पर पेश किया है। फोन 1 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन पर बिक्री के लिए अवेलेबल हो जाएगा।



इसके बाद कंपनी फोन को अन्य देशों में अवेलेबल कराया जाएगा। डिवाइस का मुकाबला मोटोरोला रेजर 40 और सेमसंग फ्लिप से होगा। टेक्नो के नए 5त्र स्मार्टफोन में 6.9 इंच का फोल्डेबल एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। ये 1080×2460 पिक्सल रिजॉल्यूशन और 20.5ञ्9 आस्पेक्ट रेश्यो वाली फुल ॥ष्ठ+ डिस्प्ले है, जो 120 रिफ्रेश रेट पर काम करती है। इसके साथ 466×466 पिक्सल रिजॉल्यूशन वाला 1.32 इंच का कवर डिस्प्ले मिलता है, जो नोटिफिकेशन के लिए होगा। परफॉर्मेंस के लिए Dimensit4 8050 चिपसेट दिया गया है।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम, शहर का बदला रहेगा ट्रैफिक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को भोपाल प्रवास पर पहुंच रहे हैं। वह जम्बूरी मैदान पर आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था और आम जनता की सुविधा के लिए 25 सिंतबर को सुबह 6 बजे से शहर की यातायात व्यवस्था परिवर्तित रहेगी।**

## पीएम की सुरक्षा और मार्ग व्यवस्था को लेकर बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन को लेकर उनकी सुरक्षा और मार्ग व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने शुक्रवार को पुलिस अफसरों की बैठक ली। पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित इस बैठक में भोपाल एवं प्रदेश से आए पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर मार्ग व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल तथा तैयारियों की समीक्षा की। इसके साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

जम्बूरी मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं के मार्ग की व्यवस्था की गई है। इंदरौ, उज्जैन, राजग?, ब्यावरा, ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल, सागर, की तरफ से आने वाले समस्त प्रकार के वाहन खजूरी स?क, बकानियां, मुबारकपुर, लामाखे?ा, चोप?ाकला, पटेल नगर, आनंद नगर कट पाइंट से जम्बूरी मैदान पहुंचेंगे। होशंगाबाद और जबलपुर की तरफ से आने वाले वाहन 11 मील होशंगाबाद रोड, आरआरएल तिराहा, एम्स, बरखे?ा पठानी होकर सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान पानी गिरने की स्थिति में सभी प्रकार के वाहन मैदान के बजाए पटेल नगर से सीएपीटी तक, पिपलानी पेट्रोल पंप तिराहा, एनसीसी ग्राउंड, आईटीआई तिराहा रोड पर पार्क होंगे।

## चार पहिया एवं दोपहिया वाहन

चार पहिया वाहन महात्मा गांधी स्कूल एवं सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्क किए जाएंगे। वीआईपी पासधारी वाहन गोविंदपुरा टर्निंग से महात्मा गांधी चौराहा से अयप्पा मंदिर, गैस गोदाम होकर सेंट जेवियर के सामने पार्क होंगे। मीडिया के प्रतिनिधि भी यहीं पर अपने वाहनों को पार्क करेंगे।

## परिवर्तित मार्ग से होगा आवागमन



अवधपुरी से नए शहर की तरफ आने वाले वाहन बीकानेर मिष्ठान भंडार, सुरभि इन्क्लेव, रिषिपुरम चौराहा, चर्च चौराहा, विजय मार्केट, श्रीकृष्ण मंदिर, बरखे?ा, गुलाब उद्यान, डीआरएम ऑफिस, हबीबगंज नाका अथवा हबीबगंज अण्डरब्रिज से 10 नम्बर मार्केक की तरफ आवागमन किया जा सकेगा। पिपलानी और अयोध्या नगर से आने वाले वाहन जेके रोड, आईटीआई तिराहा से प्रभात चौराहा की तरफ आवागमन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। दूसरे शहर से आने वाली यात्री बसें, हलालपुरा, बस स्टैंड, आईएसबीटी से आगे शहर के भीतर प्रवेश नहीं करेंगी।

## सुबह 6 बजे से रहेगा यातायात का दबाव

कार्यक्रम केदौरान बोर्ड आफिस चौराहा, गोविंदपुरा टर्निंग, अन्ना नगर,सद्भावना चौराहा, महात्मा गांधी चौराहा, सेंट जेवियर स्कूल, अवधपुरी तिराहे तक यातायात का दबाव सबसे ज्यादा रहेगा। इसी प्रकार पटेल नगर, आनंद नगर, रत्नागिरी, पिपलानी पेट्रोल पंप पर ट्रैफिक ज्यादा रहेगा।

### नाबालिग समेत चार आरोपियों पर मामला दर्ज

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद चौदह साल की नाबालिग से दुष्कर्म



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में चौदह साल की नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। उक्त मामले में पुलिस ने एक आरोपी समेत चार लोगों पर मामला दर्ज किया है। इसमें एक युवती को भी आरोपी बनाया गया है।

दरअसल, आरोपियों में एक युवक और युवती नाबालिग के घर जाकर खुद भी शारीरिक संबंध बना रहे थे। जबकि एक अन्य आरोपी बाहर चौकीदारी करता था। पुलिस ने देर रात प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एसपी गोविंदपुरा अंकिता खातरकर ने बताया कि चौदह साल की नाबालिग इलाके में रहती है और कक्षा आठवीं में पढ़ती है। एक सप्ताह के भीतर उसकी इंस्टाग्राम पर एक नाबालिग से दोस्ती हुई थी। नाबालिग ने अपनी मां के नंबर पर इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी। इसी आईडी के माध्यम से नाबालिग से उसकी चेटिंग होने लगी और दोनों की मुलाकात हो गई। नाबालिग की मां स्टाफ नर्स हैं और अक्सर नाइट ड्यूटी रहती है। इसका फायदा उठाकर नाबालिग के घर इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने वाला 15 साल का नाबालिग पहुंचा था। वह भी उसी के इलाके का रहने वाला है। नाबालिग के साथ सौरभ उसकी गर्लफ्रेंड पहुंची थी। जबकि बाहर गौरव आने जाने वालों पर नजर रखा था। सौरभ और उसकी गर्लफ्रेंड ने पीड़िता के घर शारीरिक संबंध बनाए और उन्हें भी कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने नाबालिग के आपस में संबंध बनवाए। इस तरह चार दिन तक चला। इसकी भनक पड़ोसियों को लगी तो उन्होंने मां तक घटना की जानकारी पहुंचाई थी। मां ने बेटी से पूछा तो उसने घटना की जानकारी दी और मामला गोविंदपुरा थाने पहुंच गया। गोविंदपुरा पुलिस ने उक्त मामले में बाल अपचारी समेत सौरभ, गौरव और सौरभ की गर्लफ्रेंड पर मामला दर्ज किया है। सभी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# रोशनपुरा चौराहे पर मूक-बधिर सदस्यों ने की ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल वर्तमान में मूक बधिर सदस्यों का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क?ी में ट्रैफिक पुलिस भोपाल और डीसी फाउंडेशन के द्वारा संयुक्त रूप से ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार शाम रोशनपुरा चौराहे पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मूक बधिर सदस्यों ने आम वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त यातायात पद्म विलोचन शुक्ल, सहायक पुलिस आयुक्त अजय वाजपेयी, सहायक पुलिस आयुक्त चन्द्रशेखर पाण्डे एवं डीसी फाउंडेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। यातायात पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वह नियमों का पालन करें।

## 29 से अनिश्चित कालीन हड़ताल



**भोपाल।** वल्लभ भवन के सामने कर्मचारी लंच टाइम में रामधुन लगा रहे हैं। कर्मचारियों में जबरदस्त उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है उन्होंने मांगे नहीं मानी जाने पर 29 सितंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दे रखी है।

# इलाके में ही घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

**भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को इलाके में ही घूमते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक आकाश मीना (21) पंचवटी कालोनी फेस-3 करोंद का रहने वाला है। उसके खिलाफ करीब दस आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आयुक्त ने पिछले दिनों उसे चार महीने के लिए भोपाल और राजस्व सीमाओं से लगे जिलों से बाहर भेजने के आदेश दिए थे, लेकिन वह इलाके में ही घूमता मिला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## पति समेत तीन के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाली एक नवविवाहिता के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण में मृतका के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि ननद की गिरफ्तारी होना बाकी है। थाना प्रभारी दिलीप जायसवाल ने बताया कि ग्राम ललरिया थाना बैरसिया निवासी मुस्कान बी (22) की शादी उसी गांव में रहने वाले अरमान अली के साथ हुई थी। अरमान भूसे का कारोबार करता है। शादी के बाद से ही अरमान और उसके घर वाले दहेज के लिए मुस्कान को प्रता?ित कर रहे थे। मृतका के मायके वालों ने कई बार उन्हें समझाईश दी, लेकिन जब प्रता?ना बंद नहीं हुई तो मुस्कान ने बीती 6 सितंबर को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मर्ग जांच के बाद पति, सास और ननद के खिलाफ दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया।


## ज्योतिष परामर्श

***ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें***

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं. 7869267010
कॉलिंग नंबर 7415497010
shrutirawat16@gmail.com



परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए







**मेट्रो एंकर** कोहेफिजा इलाके का मामला...

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कोहेफिजा इलाके में एक्सीडेंट में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ताहा पुत्र मो. हफीज (22) सिकंदर कुली ऐशबाग में रहता था और फेब्रिकेशन का काम करता था।**



बीती सात सितंबर को वह अपने चचेरे भाई के साथ बाइक से घूमने के लिए निकला था। सिंगार चोरी के पास अचानक उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी, जिससे ताहा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तो? दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

## अटैक आने से प्रोडक्शन मैनेजर की मौत

**भोपाल।** मिसरोद में रहने वाले एक निजी कंपनी के प्रोडक्शन मैनेजर की अटैक आने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मूलत~ सतना निवासी तनय द्विवेदी (35) यहां मिसरोद इलाके में रहते थे और मंडीदीप स्थित एक निजी कंपनी में प्रोडक्शन मैनेजर थे। उनके साथ रहने वाला दूसरा युवक अन्य कंपनी में काम करता है। गुरुवार शाम कंपनी से लौटने के बाद उन्होंने स्नान किया। उसके कुछ देर बाद उन्हें चक्कर आने लगा। साथी युवक ने एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022